| 4. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (करों से पश्चात) असामान्य तथा /या असाधारण मदों के पश्चात) | 236.86 | 423.61 | 253.38 | 660.47 | 601.37 | 1139.24 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आमदनी (अवधि के लिए (कर पश्चात) मुनाफा/(हानि) तथा अन्य व्यापक आमदनी (कर पश्चात) | 236.86 | 423.61 | 253.38 | 660.47 | 601.37 | 1139.24 |
| 6. | पेडअप इक्विटी शेयर पूंजी | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 | 6396.68 |
| 7. | पुनर्मुल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व जैसा कि गत वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया | - | - | - | - | - | 4564.55 |
| 8. | प्रति शेयर आय (वार्षिक नहीं) ( 10/- रु. प्रत्येक) असाधारण वस्तुओं से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद (आधारभूत और तनुकृत समायोजित | 0.37 | 0.66 | 0.40 | 1.03 | 0.94 | 1.78 |

टिप्पणियाँ:
1. 30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए उपरोक्त एकल वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई और उसके बाद 13 नवम्बर, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (आईएनडी एएस) और लागू सीमा तक अन्य भारतीय आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन प्रथाओं और नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com व www.nseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.srdyechem.com पर उपलब्ध है।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि की प्रस्तुति के साथ पुष्टि करने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत/पुनः वर्गीकृत/पुनः प्रस्तुत किया गया है।

निदेशक मंडल के लिए और उसके आदेश से
कृते/-
रामपाल ईनानी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00480021

स्थान: भीलवाड़ा (राजस्थान)
दिनांक: 13.11.2025

*****

पंजीकृत कार्यालय का पता: एस.जी. 2730, सुवाना, भीलवाड़ा-311011 (राजस्थान)
CIN: - L24114RJ2005PLC021340, फ़ोन: +91-1482-220062, ईमेल: info@srdyechem.com, वेबसाइट: www.srdyechem.com

## NETWORK PEOPLE SERVICES TECHNOLOGIES LIMITED

NPST — Innovation in every byte

**CIN No.:** L74110MH2013PLC248874
**Registered Office :** 427/428/429, A-Wing, NSIL, Lodha Supremus II, Near New Passport Office, Road No. 22, Wagle Industrial Estate, Thane (W) - 400604
**Tel.:** 022-6148 2100; **Email:** cs@npstx.com; **Website:** www.npstx.com

**EXTRACT OF CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025**

(₹ in Lacs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | | | Unaudited | | Audited |
| | 30-09-2025 | 30-06-2025 | 30-09-2024 | 30-09-2025 | 30-09-2024 | 31-03-2025 |
| Gross Turnover | 4,667.69 | 3,362.23 | 6,674.95 | 8,029.91 | 12,561.00 | 17,320.77 |
| Total Income from Operations | 4,867.41 | 3,508.92 | 6,898.47 | 8,376.33 | 12,925.87 | 18,061.99 |
| Earning before Interest, Depreciation and Tax | 1,563.92 | 1,129.84 | 2,574.25 | 2,693.77 | 4,848.62 | 6,757.69 |
| Net Profit/(Loss) before taxes | 1,349.21 | 966.67 | 2,402.19 | 2,315.89 | 4,527.70 | 6,035.15 |
| Net Profit/(Loss) after taxes | 984.45 | 719.40 | 1,816.80 | 1,704.56 | 3,397.87 | 4,520.14 |
| Cash Profit (PAT+Depreciation) | 1,182.03 | 862.00 | 1,983.09 | 2,044.75 | 3,706.77 | 5,208.37 |
| Total Comprehensive Income [Comprising Profit / (Loss) after tax and Other Comprehensive Income after tax] | 982.14 | 728.70 | 1,816.80 | 1,711.55 | 3,397.87 | 4,537.30 |
| Equity Share Capital | 1,939.53 | 1,939.53 | 1,938.60 | 1,939.53 | 1,938.60 | 1,938.99 |
| Earnings per share (of Re 1/- each) (Not annualised) : | | | | | | |
| (a) Basic | 5.00 | 3.70 | 9.38 | 8.70 | 17.56 | 23.31 |
| (b) Diluted | 4.40 | 3.69 | 9.35 | 8.09 | 17.54 | 23.28 |

**Key numbers of Standalone Financial Results:** (₹ in Lacs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30-09-2025 | 30-06-2025 | 30-09-2024 | 30-09-2025 | 30-09-2024 | 31-03-2025 |
| Gross Turnover | 4,660.73 | 3,361.38 | 6,674.28 | 8,022.11 | 12,559.62 | 17,312.17 |
| Total Income from Operations | 4,861.03 | 3,503.51 | 6,892.75 | 8,364.55 | 12,913.37 | 18,030.61 |
| Earning before Interest, Depreciation and Tax | 1,571.96 | 1,127.04 | 2,575.98 | 2,699.00 | 4,849.11 | 6,756.42 |
| Net Profit/(Loss) before taxes | 1,357.44 | 963.90 | 2,404.06 | 2,321.33 | 4,528.34 | 6,034.07 |
| Net Profit/(Loss) after taxes | 992.68 | 717.33 | 1,818.67 | 1,710.01 | 3,398.51 | 4,520.21 |
| Cash Profit (PAT+Depreciation) | 1,190.22 | 859.90 | 1,984.82 | 2,050.13 | 3,707.27 | 5,208.25 |

**Notes:**
1. The above un-audited Consolidated financial results for the Quarter & half year ended Sept 30, 2025 have been prepared by the Company in accordance with regulation 33 of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations 2015 (as amended) and were reviewed and recommended by the Audit Committee of the Board and thereafter were approved and taken on record by the board of directors in their meeting held on November 12, 2025. A limited review of the above results has been carried out by the statutory auditors of the company.
2. Previous Year's/period's figures have been regrouped/rearranged wherever considered necessary.
3. Company is mainly engaged in providing software and payment solutions to banking and finance sector. Looking into the nature of business company, it is operating under single segment hence as per Ind AS – 108 – "operating segment" reporting is not applicable to Company.
4. Following subsidiary company has been considered in the preparation of the consolidated financial results for the quarter & half year ended September 30, 2025.

| Name of entity | Relationship | Country of incorporation | % of Holding |
|---|---|---|---|
| [1] Network People Services Technologies Limited | Parent | India | NA |
| [2] SSK Citizen Services Private Limited | Subsidiary | India | 99.80% |
| [3] Timepay Digital Infotech Private Limited | Subsidiary | India | 85% |
| [4] NPST Global Solutions LLC | Subsidiary | UAE | 100% |

5. The Status of investor's complaints during the quarter ended on September 30, 2025 as under:-

| | |
|---|---|
| Complaints pending at the beginning of the period | Nil |
| Complaints received during the period | Nil |
| Complaints disposed during the period | Nil |
| Complaints resolved at the end of the period | Nil |

6. The company has raised capital through preferential allotment to M/s Tata Mutual Fund for ₹ 300 crores. The same is reflected as share application money until procedural compliances with respect to allotment and listing are completed.

For and on behalf of,
**NETWORK PEOPLE SERVICES TECHNOLOGIES LIMITED**
Sd/-
**Ashish Aggarwal**
Joint Managing Director
**DIN:** 06986812

**Date** : 12th November, 2025
**Place** : Thane.

बिज़नेस रेमेडीज
वर्ष : 12 । अंक : 301

**सम्पादकीय**

## बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और समग्र विकास के लिए मनाया जाएगा आज बाल दिवस




हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज बाल दिवस मनाया जाएगा। इस दिवस के मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके समग्र विकास के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसका इतिहास भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़ा है, जिनकी बच्चों के प्रति प्रेम के कारण उनका जन्मदिन आज के ही दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उनकी शिक्षा और कल्याण के लिए काम करने के प्रति समाज और सरकार की जिम्मेदारी की याद दिलाता है। नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू भी कहते थे। उनके इसी स्नेह और बच्चों के प्रति उनके विचारों के सम्मान में उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारत में पहला बाल दिवस 14 नवंबर, 1957 को मनाया गया था, जब इसे एक आधिकारिक सरकारी घोषणा के बाद मनाया गया था। बाल दिवस समाज को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भलाई के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह इस विचार पर जोर देता है कि बच्चे कल के भारत का निर्माण करेंगे और उन्हें जिस तरह से पाला जाएगा, वही देश के भविष्य को तय करेगा। इस दिन स्कूलों में बच्चों के लिए शैक्षिक व मनोरंजक और शिक्षकों द्वारा प्रस्तुतियां और बच्चों के लिए उपहार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**BR सूचना**

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।
-संपादक

# मधुमेह को दवा से ही नहीं, संतुलित जीवन से परास्त करें



**ललित गर्ग**

दुनिया में बढ़ती मधुमेह की भयावहता इसलिये चिन्ताजनक है कि हर तीसरा शहरी वयस्क डायबिटीज से जूझ रहा है। यह बीमारी अनेक अन्य बीमारियों को भी बढ़ाने का बड़ा कारण है। मधुमेह के बढ़ने के कारणों में मुख्यतः खानपान में अनियमितता और शारीरिक निष्क्रियता सबसे बड़ी वजह है। विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1922 में इंसुलिन की खोज कर दुनिया को मधुमेह से राहत देने का मार्ग दिखाया। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1991 में इसकी शुरुआत की थी। इस वर्ष का थीम है मधुमेह और समग्र कल्याण। यह थीम इस तथ्य पर केंद्रित है कि मधुमेह का उपचार केवल दवाइयों से नहीं बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। मधुमेह आज एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, अनियमित भोजन, तनाव, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं।

यह बीमारी चुपचाप शरीर को भीतर से खोखला करती है और हृदय, गुर्दे, आंखों और नसों पर गहरा असर डालती है। मधुमेह को नियंत्रित करना केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। इसके लिए सबसे पहले जीवन में संतुलन एवं सात्विक जीवनशैली की आवश्यकता होती है यानी संतुलित आहार, संतुलित नींद, संतुलित विचार और संतुलित आचरण। जीवन का यह संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। जब हम अपने जीवन को एक अनुशासन में ढालते हैं, तो रोग अपने आप दूर भागते हैं। मधुमेह आज केवल रोग नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है।

मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर जोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निर्माताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें।

डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है। भारत में करीब 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं विश्व में 44 करोड़ लोग इससे पीड़ित है। भारत में डायबिटीज की प्रचलित दर 11.5 प्रतिशत है, जबकि प्री डायबिटीज के मामलों की दर 15.3 प्रतिशत तक पहुँच गई ह, यानी देश का हर 10 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित है। एक अनुमान के अनुसार 85 करोड़ लोग दुनिया भर में डायबिटीज के मरीज 2050 तक हो जाएंगे।

मधुमेह से बचने और इसे नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है नियमित शारीरिक गतिविधि। सुबह-सुबह की सैर, हल्का व्यायाम, दौड़ना या साइकिल चलाना न केवल शरीर को सक्रिय रखता है बल्कि रक्त में ग्लूकोज के स्तर को भी संतुलित करता है। इसके साथ ही योग और ध्यान का अभ्यास मधुमेह के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी माना गया है। योग केवल शरीर को लचीला नहीं बनाता बल्कि मन को शांत करता है और तनाव को कम करता है। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे योग अभ्यास इंसुलिन के स्राव को संतुलित करते हैं और मन को स्थिर बनाते हैं। ध्यान से मन की अस्थिरता और चंचलता कम होती है, जिससे तनाव नियंत्रित रहता है। तनाव और अवसाद मधुमेह के छिपे हुए शत्रु हैं। जब मन तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं, जो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं। इसलिए मन को शांत और प्रसन्न रखना उतना ही आवश्यक है जितना शरीर को स्वस्थ रखना।

मधुमेह के प्रबंधन में भोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खानपान में शुद्धता और संयम दोनों ही जरूरी हैं। आज के समय में फास्ट फूड, प्रोसेस्ड फूड, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की भरमार ने लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है। भोजन में सादा, ताजा और पौष्टिक आहार अपनाना ही सबसे बड़ी दवा है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां, सलाद, फल, अंकुरित अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी-ये सब मिलकर शरीर को ऊर्जा तो देते ही हैं, मधुमेह को भी नियंत्रित रखते हैं। अधिक तला-भुना, मिठाई, नमक, और चाय-कॉफी जैसी चीजें सीमित मात्रा में लेनी चाहिए। समय पर भोजन करना और ओवरईटिंग से बचना भी आवश्यक है। खाना न केवल पेट भरने का माध्यम है बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। 'जैसा अन्न वैसा मन'-यह कहावत मधुमेह के संदर्भ में बिल्कुल सत्य है।

संतुलित जीवनशैली का अर्थ केवल आहार-विहार का नियंत्रण नहीं बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या भी है। जो व्यक्ति अपने दिन का एक निश्चित समय योग, ध्यान और आत्मचिंतन में लगाता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, असंतोष जैसी भावनाएं मन में रासायनिक असंतुलन पैदा करती हैं जो धीरे-धीरे शरीर में रोगों का कारण बनती हैं। अति-विचार से बचना भी जरूरी है। मधुमेह से बचने के लिए इन मानसिक विषों को दूर रखना उतना ही आवश्यक है जितना दवा लेना। अपने मन को हल्का और हृदय को प्रसन्न रखने की कला सीखनी होगी। धार्मिक प्रवृत्तियाँ, सत्संग, संगीत, साहित्य, प्रकृति के निकट समय बिताना, परिवार के साथ हंसी-मजाक करना-ये सब जीवन को संतुलन और आनंद से भर देते हैं।

मधुमेह के रोगियों को नियमित रूप से अपने शुगर स्तर की जांच करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। दवा के साथ-साथ आत्म-निगरानी और जीवनशैली में निरंतर सुधार ही स्थायी स्वास्थ्य का आधार है। छोटी-छोटी बातों में सावधानी बड़ी बीमारियों से रक्षा करती है। शरीर को सक्रिय रखना, मन को शांत रखना और भोजन को संयमित रखना-ये तीन सूत्र मधुमेह नियंत्रण के त्रिदेव हैं। इस वर्ष के विश्व मधुमेह दिवस का संदेश यही है कि केवल दवा नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलनी होगी। मधुमेह को नियंत्रण में रखने का सबसे कारगर उपाय है-'संतुलित जीवन।' जब मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है तो स्वास्थ्य अपने आप खिल उठता है। इस 14 नवम्बर को हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली को अनुशासित, सकारात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित बनाएंगे। नियमित योग और ध्यान करेंगे, भोजन में संयम रखेंगे, तनाव को दूर करेंगे और अपने शरीर को प्रेम से समझेंगे।

# पीएनबी की पीएनबी वन के जरिए एनपीएस वात्सल्य खाता खोलने की पेशकश




**अब आप निर्बाध ढंग से पीएनबी वन के माध्यम से एनपीएस एवं एनपीएस वात्सल्य खाते खोल सकते हैं व योगदान कर सकते हैं**

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** बाल दिवस के अवसर पर सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने एनपीएस वात्सल्य खातों को आसानी से खोलकर उनका प्रबंधन पीएनबी वन के माध्यम से किए जाने की घोषणा करता है। यह सुविधा ग्राहकों को एनपीएस वात्सल्य और एनपीएस दोनों खाते ऑनलाइन खोलने और उनकी सदस्यता लेने के लिए सक्षम बनाती है, जिससे माता-पिता के लिए एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर बच्चे के भविष्य की योजना बनाना सरल और अधिक सुलभ हो जाता है।

यह डिजिटल पहल पेंशन जागरूकता को मजबूत करने और डिजिटल बैंकिंग सुविधा को बढ़ाने के लिए पीएनबी के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करती है, जिससे परिवारों को आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ निवेश करने में मदद मिलती है।

पीएनबी के जीएम बीए एंड आरएम, सुधीर दलाल, ने कहा, 'इस बाल दिवस पर, हम हर बच्चे के सुरक्षित भविष्य के अधिकार की रक्षा के लिए एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। अब पीएनबी वन पर एनपीएस वात्सल्य की सुविधा के साथ, माता-पिता अपनी अगली पीढ़ी के लिए वित्तीय स्वतंत्रता और समावेशन के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करते हुए, अपने बच्चों की वित्तीय यात्रा की योजना डिजिटल रूप से बना सकते हैं।'

ग्राहक पीएनबी वन ऐप के माध्यम से इन सरल चरणों का पालन करके एनपीएस वात्सल्य खातों को आसानी से खोल और उनका प्रबंधन कर सकते हैं:

1. पीएनबी वन मोबाइल ऐप में लॉग इन करें।
2. व्यू ऑल 'एनपीएस' सब्सक्राइबर रजिस्ट्रेशन पर जाएँ।
3. खाते के प्रकार के रूप में एनपीएस वात्सल्य (नाबालिग) का चयन करें।
4. आधार, सीकेवाईसी, पैन या डिजीलॉकर का उपयोग कर ई-केवाईसी पूरा करें।
5. नाबालिग के जन्म तिथि का प्रमाण (जैसे जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, या पासपोर्ट) अपलोड करें।
6. खाता सक्रिय करने के लिए आरंभिक अंशदान करें।
7. सफल भुगतान और प्रमाणीकरण पर, एक स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) जेनरेट हो जाएगा।

अधिक विवरण के लिए, ग्राहक बैंक की वेबसाइट pnb.bank.in विजिट कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800-1800, 1800-2021 पर कॉल कर सकते हैं।

**विविध**

दैनिक बिज़नेस रेमेडीज
व्यापार एवं विकास की आवाज़
प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : पुनीत जैन
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)
मो. 9929106227
ई-मेल: remediesbusiness@gmail.com

**डिसक्लेमर**

बिज़नेस रेमेडीज़ का उद्देश्य अपने पाठकों को व्यापार और विकास से जुड़ी सटीक, उपयोगी और भरोसेमंद जानकारी प्रदान करना है। हम प्रकाशित सामग्री की विश्वसनीयता बनाए रखने का पूरा प्रयास करते हैं, लेकिन किसी लेख में व्यक्त विचार हमेशा संपादकीय टीम की राय से मेल नहीं खा सकते। इसलिए पाठकों से निवेदन है कि किसी भी जानकारी पर आधारित निर्णय लेते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करें। प्रकाशित सामग्री के आधार पर लिए गए किसी निर्णय या कार्यवाही की जिम्मेदारी यह प्रकाशन नहीं लेता। इस प्रकाशन में दिखाए गए सभी विज्ञापन पूरी तरह से संपादकीय सामग्री से स्वतंत्र होते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों या दी गई जानकारी की पुष्टि या समर्थन बिज़नेस रेमेडीज़ द्वारा नहीं किया जाता। विज्ञापन से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत की पूरी ज़िम्मेदारी संबंधित विज्ञापनदाता की होगी। यहां प्रकाशित सभी लेख, रिपोर्ट और सामग्री चाहे वे स्टाफ लेखक, समाचार एजेंसियों या अतिथि लेखकों द्वारा दी गई हो, बिज़नेस रेमेडीज़ की बौद्धिक संपदा हैं। बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी सामग्री का दोबारा प्रकाशन, वितरण या प्रसारण करना कानूनन वर्जित है।

# 'मैक्सवोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड' ने किया शानदार वित्तीय प्रदर्शन, सितंबर छमाही में शुद्ध लाभ 170.51 फीसदी बढ़कर हुआ 1292.30 लाख रुपए

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित 'मैक्सवोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड' विभिन्न रेंज में लिथियम-आयन बैटरी के निर्माण व्यवसाय में कार्यरत प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने सितम्बर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 4108.51 लाख रुपए के मुकाबले 218.37 फीसदी अधिक 13080.63 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 477.72 लाख रुपए के मुकाबले 170.51 फीसदी अधिक 1292.30 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी ने 11.85 रुपए प्रति शेयर का बेसिक ईपीएस अर्जित किया है।

MaxVolt Energy
Energizing future

**कारोबारी गतिविधियां :** वर्ष 2019 में स्थापित, 'मैक्सवोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड' मुख्य रूप से विविध बिक्री और वितरण नेटवर्क मिश्रण के माध्यम से आपूर्ति की जाने वाली विभिन्न रेंज की लिथियम-आयन बैटरी के निर्माण के व्यवसाय में संलग्न है। कंपनी ब्रांडनेम 'मैक्सवोल्ट एनर्जी' के तहत अधिकृत डीलर एवं वितरक और ओईएम को उत्पादों की आपूर्ति करती है और ये उत्पाद व्यापक रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों (यानी, ई-स्कूटर, ई-रिक्शा, ई-साइकिल), ऊर्जा भंडारण और इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स आदि में उपयोग किए जाते हैं।

कंपनी विभिन्न उद्योगों के निर्माताओं की आवश्यकता के अनुसार अनुकूलित बैटरी पैक भी बनाती है। विनिर्माण के अलावा, कंपनी ग्राफीन बैटरी पैक और बैटरी चार्जर की आपूर्तिकर्ता भी है, जिन्हें कंपनी ने अपने ब्रांडनेम से डिजाइन और विकसित किया है। कंपनी कुछ डीलरों और वितरकों को सेवा केंद्र के रूप में नामित करती है। कंपनी के पास उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में सेवा केंद्र हैं, डीलरों और वितरकों के पास बैटरी में दोषों को हल करने के लिए इन सेवा नेटवर्क तक पहुंच है। इन सेवा केंद्रों से कंपनी अपने डीलरों और अंतिम ग्राहकों को तेज एवं परेशानी मुक्त सेवा प्रदान करने में सक्षम हो पाती है। कंपनी आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र से प्रमाणित है। कंपनी की उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित विनिर्माण इकाई 18,000 वर्ग फुट में फैली हुई है।

# 'एलुविंड इंफ्राटेक लिमिटेड' ने सितम्बर छमाही में 43.49 फीसदी के साथ हासिल किया 6570.13 लाख रुपए का समेकित राजस्व, 10.14 करोड़ रुपए का आर्डर भी मिला

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** मुंबई आधारित 'एलुविंड इंफ्राटेक लिमिटेड' फसाड एवं फेनेस्ट्रेशन उद्योग क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। कंसोलिडेटेड बैलेंसशीट के अनुसार कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 4578.77 लाख रुपए के मुकाबले 43.49 फीसदी अधिक 6570.13

ALU-WIND
ALUWIND ARCHITECTURAL LTD.

लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 226 लाख रुपए के मुकाबले 122.83 फीसदी अधिक 503.60 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 30 सितंबर 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी ने 2.02 रुपए प्रति शेयर का ईपीएस अर्जित किया है।

इसी के साथ कंपनी को एलएच रेजिडेंशियल हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड से आइलैंड कोव, माहिम परियोजना, मुंबई के टावर ए और बी के लिए एल्युमीनियम खिड़कियों के डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु कार्य आदेश प्राप्त हुआ है। ऑर्डर का कुल मूल्य 10,14,18,262/ रुपए है। ऑर्डर को पूरा करने की अवधि 17 महीने है।

**कारोबारी गतिविधियां:** अप्रैल 2003 में निगमित, एलुविंड इंफ्राटेक लिमिटेड विभिन्न प्रकार के एल्यूमीनियम उत्पादों का निर्माण और स्थापना करती है। इनमें विंडो, डोर्स, कर्टेन वाल्स, क्लैडिंग और ग्लेज़िंग सिस्टम शामिल हैं। ये सभी वास्तुकारों, सलाहकारों, बिल्डरों, संस्थानों और निगमों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं।

कंपनी ने मुंबई, पुणे, बैंगलोर और हैदराबाद सहित भारत के विभिन्न शहरों में उत्पाद बेचकर अपनी बाजार उपस्थिति का विस्तार किया है।

# निफ्टी फ्यूचर 25808 अंक अति महत्वपूर्ण स्तर...!!!

दिनांक 14.11.2025 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....

दिनांक 13.11.2025 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 25953 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 25808 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 26008 - 26088 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 25737 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!



**निखिल भट्ट (इन्वेस्टमेंट पॉईंट)**



अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**सन फार्मा ( 1747 ) :-** फार्मा सेक्टर की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1727 रुपये के आसपास है। 1714 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ यह स्टॉक 1764 से 1770 रुपये के आसपास इस शेयर का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावना है...!! 1777 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**आईसीआईसीआई बैंक ( 1388 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1370 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउटज!! 1355 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1404 रुपये से 1414 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज करने की संभावना है...!!

**एक्सिस बैंक ( 1229 ) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयर में 1244 रुपये से 1250 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1193 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**टाटा कन्ज्यूमर ( 1156 ) :-** टी & कॉफी सेक्टर के शेयर में 1170 रुपये से 1184 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1113 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन कर!!

**स्टेट बैंक ( 957 ) :-** 01 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 919 रुपये स्टॉप लॉस के साथ पब्लिक बैंक सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 969 रुपये से 975 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**अदानी पोर्ट्स ( 1498 ) :-** तकनीकी चार्ट के पोर्ट | पोर्ट सर्विस सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1483 रुपये से 1470 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज की संभावना है । प्रतिि यात्मक के लिए 1530 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!

**भारत फोर्ज ( 1392 ) :-** इस शेयर को 1408 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1377 रुपये से 1364 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!! 1414 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**ओरबिन्दो फार्मा ( 1209 ) :-** फार्मा सेक्टर का यह स्टॉक 1250 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1197 रुपये से 1185 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!

**अदानी ग्रीन ( 1079 ) :-** पावर जनरेशन सेक्टर के इस शेयर को करीब 1108 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1064 रुपये से 1050 रुपये का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 1120 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**एचडीएफसी बैंक ( 987 ) :-** इस शेयर को करीब 997 रुपये का स्टॉपलॉस के साथ बेचकर मूल्य स्तर प्राइस 973 रुपये से लेकर 960 रुपये तक रहने की संभावना है। 1008 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

# एमजंक्शन ने प्राइम स्टील सेगमेंट में प्रवेश किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

फरवरी 2026 में एमजंक्शन अपने संचालन के 25 वर्ष पूरे करेगा। शुरुआत से अब तक, एमजंक्शन ने लगभग 5 करोड़ (50 मिलियन) मीट्रिक टन दोषपूर्ण, सेकेंडरी और नॉन-प्राइम स्टील उत्पादों की बिक्री में मदद की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 में ही, कंपनी ने भारत, यूके और मध्य पूर्व से लगभग 40 लाख (4 मिलियन) मीट्रिक टन लोहा और स्टील उत्पादों की बिक्री की। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनया वर्मा ने यहां बताया कि एमजंक्शन अब हस्रु के लिए प्राइम स्टील की ई-बुकिंग सेवा भी प्रदान कर रहा है, जिसके तहत खरीदार अपनी पसंद की मात्रा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर बुक कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कुल मिलाकर एमजंक्शन का स्टील व्यवसाय लगभग 5,000 एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) को लाभ पहुंचा रहा है।

इस चुनौती का समाधान करने के लिए, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया पर आधारित एक रीयल-टाइम, पारदर्शी नीलामी प्लेटफॉर्म अत्यंत आवश्यक है, जो खनिजों के वास्तविक बाज़ार मूल्य का निर्धारण करने में मदद करता है। इस तरह की प्रणाली विक्रय मूल्य की सटीक खोज सुनिश्चित करती है, जिससे रॉयल्टी का उचित भुगतान होता है – जिसका लाभ सरकार और खननकर्ताओं, दोनों को मिलता है। ऑनलाइन नीलामी प्लेटफॉर्म को लौह अयस्क (Iron Ore) के मूल्य निर्धारण के लिए सबसे पारदर्शी और प्रभावी तरीकों में से एक माना जाता है। एमजंक्शन ने वर्ष 2004 में लौह अयस्क की ऑनलाइन नीलामी शुरू की थी और तब से यह कंपनियों को उनके उत्पादों के लिए सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अब तक, एमजंक्शन केवल ओडिशा से लौह अयस्क की बिक्री कर रहा था और वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 7.55 लाख मीट्रिक टन तथा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 7.75 लाख मीट्रिक टन लौह अयस्क की बिक्री में सहयोग किया है। वर्मा ने जानकारी दी, 'हम अब झारखंड स्थित खदानों से भी लौह अयस्क की बिक्री शुरू करने की योजना बना रहे हैं।'




**स्क्रैप की खरीद चुनौतियाँ :** भारत का घरेलू स्क्रैप बाजार अत्यंत विविध, बिखरा हुआ और काफी हद तक अव्यवस्थित (अनऑर्गनाइज़्ड) है। स्क्रैप की विषम प्रकृति को देखते हुए, गुणवत्ता नियंत्रण के समान मानक लागू करना एक व्यावहारिक चुनौती बना हुआ है। बाजार की अनौपचारिक संरचना के कारण कर (टैक्स) और नियामक मानकों का पालन न करने का जोखिम भी बना रहता है। परिवहन के दौरान चोरी या क्षति (पिल्फरेज) की घटनाएं खरीद प्रक्रिया को और अधिक अक्षम बनाती हैं। इसके अलावा, कीमतों में बार-बार उतार-चढ़ाव और आपूर्ति की अस्थिरता खरीदारों को अपनी खरीद योजनाएं या उत्पादन प्रवाह स्थिर रखने में बाधा उत्पन्न करती हैं।

**संगठित स्क्रैप खरीद में एमजंक्शन की भूमिका :** पिछले दो दशकों से अधिक समय से, एमजंक्शन संगठित स्क्रैप व्यापार में एक अग्रणी खिलाड़ी रहा है। कंपनी ने ऑटो ओईएम , ईपीसी साइट्स, प्लांट और मशीनरी यूनिट्स तथा विभिन्न औद्योगिक स्रोतों से स्क्रैप की हैंडलिंग की है।

रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटीज़ से बिक्री को सक्षम करने वाले अग्रणी संस्थानों में से एक के रूप में, एमजंक्शन पिछले छह वर्षों से संगठित खरीदारों के लिए स्क्रैप की सोर्सिंग में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मांग और आपूर्ति के बीच की खाई को पाटने के लिए, एमजंक्शन ने एआई-संचालित डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिसे अनुभवी स्क्रैप खरीद पेशेवरों की टीम का सहयोग प्राप्त है। यह प्लेटफॉर्म खरीदारों को एक संरचित और पारदर्शी बाजार तक पहुंच प्रदान करता है, साथ ही पर्यावरणीय, कानूनी और व्यावसायिक मानकों के पालन को भी सुनिश्चित करता है। अब तक 120 से अधिक स्थानों पर 250+ जीएसटी-अनुपालक आपूर्तिकर्ताओं को ऑनबोर्ड किया जा चुका है, जिससे नेटवर्क की पहुंच और विश्वसनीयता और अधिक मजबूत हुई है। यह प्लेटफ़ॉर्म और इसका मोबाइल एप्लिकेशन एआई-आधारित गुणवत्ता आश्वासन, डिस्पैच से लेकर अनलोडिंग तक सप्लाई चेन में रीयल-टाइम विजिबिलिटी, तथा चोरी (पिल्फरेज) को कम करने और डेटा की अखंडता बनाए रखने के प्रभावी उपाय प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म कई स्रोतों से स्क्रैप की मात्रा एकत्रित (एग्रीगेट) करने में भी सक्षम है, जिससे खरीदारों को कम समय में प्रमाणित गुणवत्ता वाले स्क्रैप की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होती है। उपयोग में सरलता को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस प्लेटफ़ॉर्म में संगठित और असंगठित दोनों प्रकार के बाजार प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी संभव है।

**स्क्रैप बिक्री :** दूसरे छोर पर, एमजंक्शन का ई-सेलिंग प्लेटफॉर्म पिछले दो दशकों से विभिन्न स्रोतों से स्क्रैप की ऑनलाइन बिक्री को सुगम बनाने पर केंद्रित रहा है। इन स्रोतों में निष्क्रिय परिसंपत्तियाँ प्लांट और मशीनरी, तथा ग्राउंडेड (सेवा से बाहर) विमान शामिल हैं। ट्रेडर्स स्क्रैप प्लांट और मशीनरी खरीदते हैं, वहीं एंड यूज़र्स जैसे रोलिंग मिल्स इस स्क्रैप को पिघलाकर अपने फिनिश्ड प्रोडक्ट्स तैयार करते हैं।

## भारत की सीमेंट इंडस्ट्री की क्षमता अगले तीन वित्त वर्षों में 170 मिलियन टन बढ़ने का अनुमान

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई/आईएएनएस**

भारत की सीमेंट इंडस्ट्री की क्षमता वित्त वर्ष 26 से वित्त वर्ष 28 के बीच 160 से लेकर 170 मिलियन टन तक बढ़ने का अनुमान है, जो बीते तीन वित्त वर्षों में बढ़ी 95 मिलियन टन की क्षमता से अधिक है। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल की रिपोर्ट में बताया गया कि सीमेंट इंडस्ट्री की क्षमता में तेज वृद्धि की वजह अच्छी मांग और क्षमता का उच्च उपयोग है। रिपोर्ट में बताया गया कि तेज विस्तार के कारण अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में पूंजीगत व्यय 1.2 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो कि पिछले तीन वित्त वर्ष में किए गए पूंजीगत व्यय की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। ज्यादातर हिस्सा ब्राउनफिल्ड के कारण विस्तार में जोखिम कम है और इसमें से ज्यादातर हिस्से को अच्छे ऑपरेटिंग कैश फ्लो से फंड किया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया कि इसके परिणामस्वरूप सीमेंट निर्माताओं का फाइनेंशियल लीवरेज, जिसे नेट डेट टू ईबीआईटीडीए से मापा जाता है, स्थिर रहेगा। साथ ही, इससे क्रेडिट प्रोफाइल को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह रिपोर्ट 17 सीमेंट निर्माताओं के विश्लेषण पर आधारित है, जिनकी देश में 31 मार्च, 2025 तक स्थापित 668 मीट्रिक टन क्षमता में लगभग 85 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में, सीमेंट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है और उत्पादन की मात्रा 9.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ बढ़ी है, जो बुनियादी ढांचे और आवास जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा संचालित है।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि 'वित्त वर्ष 2026-2028 में, सीमेंट निर्माताओं को सालाना 30-40 मीट्रिक टन की अच्छी वृद्धिशील मांग की उम्मीद है, जिससे क्षमताओं में मजबूत वृद्धि होगी।' रिपोर्ट के अनुसार, क्षमता वृद्धि तो पर्याप्त है, लेकिन इससे जुड़े जोखिम इस कारण से आंशिक रूप से कम हो जाते हैं कि लगभग 65 प्रतिशत क्षमता वृद्धि ब्राउनफील्ड परियोजनाओं के माध्यम से की जाएगी, जिनमें निर्माण अवधि कम होती है और भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता सीमित होती है।

## अंबुजा सीमेंट्स दरलाघाट कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को बना रहा है आत्मनिर्भर

**बिज़नेस रेमेडीज/हि.प्रदेश**

दुनिया भर में नौवीं सबसे बड़ी निर्माण सामग्री समाधान कंपनी और विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा, अंबुजा सीमेंट्स, हिमाचल प्रदेश के दरलाघाट की ग्रामीण महिलाओं को कौशल और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बना रही है। दमलाना घाटी गाँव की पूनम का सफ़र इस प्रभाव का एक ज्वलंत उदाहरण है, जहाँ उन्होंने आर्थिक तंगी से जूझ रही एक गृहिणी से एक आत्मनिर्भर उद्यमी का रूप धारण किया।

अंबुजा सीमेंट्स के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कमल स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्य के रूप में, पूनम को एसईडीआई दाड़लाघाट में सिलाई और सिलाई का कोर्स कराया गया। अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, उन्होंने प्रशिक्षण पूरा किया और सिलाई मशीनें खरीदने के लिए अपने स्वयं सहायता समूह से 50,000 रुपये का ऋण लिया। उन्होंने अपने घर पर एक सिलाई केंद्र भी शुरू किया, जिससे वह दो साल के भीतर ऋण चुकाने में सक्षम हुई और साथ ही घर की आय में भी योगदान देने लगीं। उनके कौशल और लगन ने जल्द ही प्रशिक्षण लेने वाली अन्य महिलाओं और लड़कियों को आकर्षित किया।

अपनी प्रगति से उत्साहित होकर, पूनम ने बाद में अपने उद्यम का विस्तार करने के लिए एक और ऋण लिया। उन्होंने दमलाना घाटी में एक बुटीक खोला और अपनी सेवाओं में विविधता लाते हुए सिलाई सेवाएँ, स्टेशनरी, होजरी, स्कूल बैग और ड्रेस मटेरियल शामिल किए। आज, उनकी मासिक शुद्ध आय 15,000 रूपये है और वे अपने समुदाय की युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान करती हैं, जिससे सशक्तिकरण का एक व्यापक प्रभाव पड़ा है।

पूनम अपनी सफलता का श्रेय अंबुजा सीमेंट्स और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आंदोलन को देती हैं। उनका कहना है कि जागरूकता, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता ने न केवल उनका जीवन बदल दिया, बल्कि उनके पूरे परिवार का उत्थान किया। उनकी कहानी इस बात पर प्रकाश डालती है कि कौशल विकास और उद्यमिता में लक्षित हस्तक्षेप कैसे जीवन बदल सकते हैं और समुदाय-व्यापी प्रगति को प्रेरित कर सकते हैं।

## लिटरेचर लाइव! प्रतिष्ठित गोदरेज अवॉर्ड्स के साथ शानदार अंदाज़ में द मुंबई लिटफेस्ट का समापन

## उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए सीतांशु यशश्चंद्र और विनोद कुमार शुक्ल सम्मानित

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'लिटरेचर लाइव! द मुंबई लिटफेस्ट' का 16वां संस्करण सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने एक बार फिर मुंबई की पहचान भारत की सांस्कृतिक और साहित्यिक राजधानी के रूप में मज़बूत की। तीन दिन चले इस उत्सव में भारत और दुनिया भर के 120 से अधिक प्रसिद्ध लेखकों, विचारकों और कलाकारों ने हिस्सा लिया।

गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप के चेयरपर्सन और मैनेजिंग डायरेक्टर नादिर गोदरेज ने कहा, कि साहित्य में हमारे समय की सच्चाई को समझने, सवाल करने, सुकून देने और जोड़ने की शक्ति होती है। लिटरेचर लाइव! द मुंबई लिटफेस्ट के माध्यम से हम सिर्फ कहानियों






और विचारों का नहीं, बल्कि उस जिज्ञासा की भावना का उत्सव मनाते हैं जो नवाचार और प्रगति को प्रेरित करती है। हर संस्करण हमें यह विश्वास दिलाता है कि रचनात्मकता – चाहे वह विज्ञान में हो, व्यवसाय में या कला में – अलग ढंग से सोचने के साहस से उत्पन्न होती है। उत्सव में शानदार वक्ताओं की उपस्थिति रही। नोबेल विजेता वेंकी रामकृष्णन, बुकर पुरस्कार विजेता शेहान करुणातिलका, पूर्व मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़, शशि थरूर, शोभा डे, जेरी पिंटो, ल्यूक कुटिन्हो, अनिंदिता घोष, स्वाति पांडे, परोमिता वोहरा और तारिणी मोहन सहित कई असाधारण कलाकार इस उत्सव में शामिल हुए। एक विशेष इंस्टॉलेशन 'लेटर्स टू द फ्यूचर' ने आगंतुकों को आने वाली पीढ़ियों के पाठकों और लेखकों के लिए अपनी आशाएँ साझा करने का अवसर दिया। इस वर्ष की चर्चाओं में विविधता, समावेशन, रचनात्मकता, भारतीय पहचान का विकास और सामाजिक बदलाव में कथाओं की शक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे। मुख्य आकर्षणों में गोदरेज लिटरेचर लाइव! अवॉर्ड्स भी शामिल रहा, जिसमें फिक्शन, नॉन-फिक्शन, बिज़नेस राइटिंग और नाटक लेखन में उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया। उत्सव के सर्वोच्च सम्मान – पोएट लॉरेट अवॉर्ड और लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड – क्रमशः सीतांशु यशश्चंद्र और विनोद कुमार शुक्ल को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किए गए।

फेस्टिवल की को-डायरेक्टर एमी फर्नांडीस ने कहा कि मुंबई लिटफेस्ट के 16वें संस्करण का यह आयोजन हर लिहाज से शानदार रहा। 15 वर्ष पहले पाठकों और लेखकों के एक छोटे से मिलन के रूप में शुरू हुआ था मुंबई लिटफेस्ट, और आज यह विचारों के एक जीवंत आदान-प्रदान में विकसित हो चुका है जो विधाओं और पीढ़ियों की सीमाओं को पार करता है। गॉदरेज इंडस्ट्रीज़ के सहयोग से हम इस भावना को आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे साहित्य प्रासंगिक, समावेशी और मुंबई व दुनिया की सांस्कृतिक धड़कन से जुड़ा रहे। समावेशन की अपनी प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के लिटफेस्ट में एक्सेस फॉर ऑल संस्था की मदद से 15 से अधिक सत्रों को भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) में प्रस्तुत किया गया। संस्था ने बच्चों के लिए एक ज़ीन मेकिंग वर्कशॉप भी आयोजित की, जिसका उद्देश्य सहानुभूति और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। इसके अलावा, ओपन-एयर प्लाज़ा में एक सेंसरी-फ्रेंडली टेंट बनाया गया, जो न्यूरोडाइवर्जेंट बच्चों और अन्य प्रतिभागियों के लिए शांत और सहायक वातावरण प्रदान करता था – जिसमें स्पर्श-संवेदनशील सामग्री, आरामदायक बैठने की व्यवस्था, शोर-नियंत्रण उपकरण और प्रशिक्षित सहयोगियों की मदद शामिल थी।

## रैलिस इंडिया ने शुरू किया NuCode™ - मिट्टी और पौधों के स्वास्थ्य के लिए विज्ञान पर आधारित समाधान

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

टाटा समूह का एक हिस्सा और कृषि क्षेत्र में अग्रणी रैलिस इंडिया लिमिटेड ने NuCode™ लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया ब्रांड मिट्टी और पौधों के स्वास्थ्य के लिए उन्नत जैविक समाधानों पर केंद्रित है। यह रणनीतिक पहल भारत में टिकाऊ (sustainable) और विज्ञान-आधारित कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

NuCode™ का मतलब है 'न्यूट्रिशन कोड' - यह नाम ब्रांड की मूल सोच को दर्शाता है कि, फसल की उपज और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की शुरूआत, पौधों और मिट्टी के भीतर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं की वैज्ञानिक समझ से होती है।

NuCode™ ब्रांड के तहत किसानों को वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए बायोलॉजिकल उत्पादों की एक श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिसमें शामिल हैं :

**बायो-फर्टिलाइजर:** मिट्टी को प्राकृतिक रूप से समृद्ध करने के लिए।

**बायो-स्टिमुलेंट :** पौधों की वृद्धि व लचीलापन बढ़ाने हेतु

**बायो-पेस्टिसाइड :** फसलों को पर्यावरण-अनुकूल समाधानों के माध्यम से सुरक्षित रखने के लिए। इन उत्पादों को व्यवस्थित, आसानी से पहचाने जा सकने वाले सॉल्यूशन सेट्स में संगठित किया जाएगा, जो पारंपरिक उत्पादों की जगह एक आधुनिक, रूपरेखा-आधारित प्रणाली प्रदान करेंगे, जिसे आज की कृषि के लिए डिज़ाइन किया गया है। NuCode™ का लॉन्च टिकाऊ, विज्ञान-आधारित कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए रैलिस इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। किसानों को ज्ञान, उपकरण और प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाकर, हमारा लक्ष्य है कि हम पूरे भारत में उच्च-प्रभावकारिता वाले जैविक इनपुट को अपनाने में मदद करें और कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता को सुनिश्चित करें।

NuCode™ उत्पाद साफ दिखने वाले, मापने योग्य परिणाम देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे किसानों को जैविक समाधानों में विश्वास बनाने और रासायनिक इनपुट (खाद/दवाओं) पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है।

**हमारा विज़न :** "NuCode™: जहां विज्ञान मिट्टी का पोषण करता है, और मिट्टी जीवन का पोषण करती है। यह पहल रैलिस इंडिया के एक रणनीतिक लक्ष्य के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य मिट्टी और पौधों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में बाजार का नेतृत्व हासिल करना है, साथ ही भविष्य के लिए तैयार एक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरोस्पेस बिज़नेस ने गगनयान कार्यक्रम के लिए L110 स्टेज विकास इंजन डिलीवर किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरोस्पेस बिज़नेस ने घोषणा की है कि उसने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (LPSC, इसरो) को पहला मानव-रेटेड L110 स्टेज विकास इंजन डिलीवर किया है, जो भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के समर्थन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि स्वदेशी विनिर्माण उत्कृष्टता के प्रति गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की दृढ़ प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के 'मेक इन इंडिया' विज़न में इसके योगदान को रेखांकित करती है।

LVMx गगनयान लॉन्च व्हीकल, जिसे इसरो ने विकसित किया है, एक मानव-रेटेड प्रक्षेपण यान है, जो भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस मिशन में, क्रू मॉड्यूल (गगनयान कैप्सूल) नियोजित प्रयोग पूरे करने के बाद पृथ्वी के वायुमंडल में सुरक्षित रूप से पुनः प्रवेश करेगा। मानेक बहरामकामदीन, कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिज़नेस हेड, एयरोस्पेस बिज़नेस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा कि यह न केवल गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि अपार राष्ट्रीय गौरव का विषय भी है। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में योगदान देना एक सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है, जिसे हम सर्वोच्च प्रतिबद्धता के साथ निभा रहे हैं। यह उपलब्धि इसरो और एलपीएससी के साथ हमारी लंबे समय से चली आ रही साझेदारी की पुष्टि करती है, और मिशन-क्रिटिकल तकनीक देने की हमारी क्षमता को दर्शाती है जो अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के नेतृत्व को मजबूत करती है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने इसरो के साथ अपने सहयोग की विरासत को और सुदृढ़ किया है। पिछले चार दशकों में, कंपनी ने चंद्रयान, NISAR, और अन्य कई प्रमुख अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें उच्च-सटीक इंजन और कंपोनेंट्स की आपूर्ति शामिल है। इन प्रयासों ने भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने में अहम योगदान दिया है।

## टाटा केमिकल्स ने के.एस. सोमशेखरन नायर की स्मृति में 24वें ओखामंडल साइक्लोथॉन का आयोजन किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मीठापुर**

टाटा केमिकल्स लिमिटेड ने गुजरात के मीठापुर में के.एस. सोमशेखरन नायर मेमोरियल ओपन ओखामंडल साइक्लोथॉन के 24वें संस्करण का आयोजन किया। इस अवसर पर टाटा केमिकल्स के कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के सैकड़ों सदस्य सामुदायिक तंदुरुस्ती और एकजुटता की भावना का जश्न मनाने के लिए इकट्ठे हुए। इस कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री के.एस. सोमशेखरन नायर की विरासत को सम्मानित किया गया। उन्हें लोग सोमन नायर के नाम से याद करते हैं। उन्होंने 1984 से 1987 तक मीठापुर संयंत्र में एस्टेट और सुरक्षा अधिकारी के रूप में काम किया था।




टाटा केमिकल्स टाउनशिप में आयोजित साइक्लोथॉन में दो दौड़ श्रेणियां: 42 किलोमीटर की एंड्योरेंस रेस और 14 किलोमीटर की तेज दौड़ (स्प्रिंट) शामिल थीं, जिसमें ओखामंडल क्षेत्र के उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय समयानुसार सुबह 6:15 बजे शुरू हुए इस आयोजन में 266 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें टाटा केमिकल्स के 147 कर्मचारी शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के प्रति उत्साह और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को दौड़ के लिए आवश्यक सामान, जैसे फिनिशर मेडल, टी-शर्ट, टाइमिंग बिब, हाइड्रेशन सपोर्ट और पौष्टिक नाश्ता दिया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हर साइकिल चालक को सम्मान का अहसास हो और यह लगे कि उनका ध्यान रखा गया।

साइक्लोथॉन में इस साल 31 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह महिला प्रतिभागियों के लिहाज से उच्चतम स्तर है। भावेश सुमानिया ने 42 किलोमीटर की दौड़ 1 घंटा 18 मिनट और 22 सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि जतिन मानेक और इम्तियाज़ रज़ा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कर्मचारी वर्ग में, जगदीशसिंह वढेर ने 42 किलोमीटर की दौड़ 1 घंटा 27 मिनट और 16 सेकंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। निकुंज पुरोहित और भवदीप जोशी क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।

टाटा केमिकल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष और साइट प्रमुख, रिनो राज ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि के.एस. सोमशेखरन नायर ने असीम समर्पण और निष्ठा का उदाहरण पेश किया था और ये नैतिक मूल्य आज भी मीठापुर समुदाय को प्रेरित करते हैं। यह साइक्लोथॉन न केवल उनकी स्मृति का बल्कि यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की अहमियत का भी सम्मान है। हम इस आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय समुदाय और हमारे कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हैं। विजेता भावेश सुमानिया ने कहा, के.एस. सोमशेखरन नायर मेमोरियल साइक्लोथॉन का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोकोलोडी नेचर रिजर्व का दौरा किया, बोत्सवाना ने 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत भारत को 8 चीते सौंपे

**बिज़नेस रेमेडीज/ गैबोरोन/आईएएनएस**



बोत्सवाना ने 'प्रोजेक्ट चीता' के अगले चरण के तहत औपचारिक रूप से भारत को आठ चीते सौंपे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको के साथ गैबोरोन स्थित मोकोलोडी नेचर रिजर्व का दौरा किया। राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने 'प्रोजेक्ट चीता' के अगले चरण के तहत औपचारिक रूप से भारत को आठ चीते सौंपे। इस दौरान वे बोत्सवाना के घांजी क्षेत्र से पकड़े गए चीतों को क्वारंटाइन सेंटर में छोड़े जाने की साक्षी बनीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोत्सवाना की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से किए गए पोस्ट में लिखा है, 'भारत-बोत्सवाना वन्यजीव संरक्षण साझेदारी में एक नया अध्याय। बोत्सवाना के मोकोलोडी नेचर रिजर्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने भारत और बोत्सवाना के विशेषज्ञों की तरफ से घांजी क्षेत्र से पकड़े गए चीतों को क्वारंटाइन सेंटर में छोड़े जाने के साक्षी बने। यह कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट चीता' के अगले चरण के तहत बोत्सवाना की ओर से भारत को आठ चीते उपहार में दिए जाने का प्रतीक था।' इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बोत्सवाना के गैबोरोन में भारतीय समुदाय को संबोधित किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे बताया गया है कि बोत्सवाना में 10 हजार भारतीय नागरिक व्यापार और उद्योग समेत अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। मैं आप सभी को भारत के गौरवशाली राजदूत होने पर बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि यह क्षण और भी ऐतिहासिक है, क्योंकि भारत और बोत्सवाना 2026 में अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। भारत और बोत्सवाना डायमंड सेक्टर में साझेदार हैं और हमारा सहयोग प्रौद्योगिकी, रक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे नए क्षेत्रों में भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक परिवर्तनकारी दौर में चल रहा है। हमारी युवा और प्रतिभाशाली आबादी, मजबूत अर्थव्यवस्था और इनोवेशन की भावना हमें 2047 तक एक 'विकसित राष्ट्र' बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रही है। 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्वच्छ भारत' जैसी पहल देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

# भारत-अमेरिका वायुसेना का युद्धाभ्यास, आपसी तालमेल और तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन

**बिज़नेस रेमेडीज/ गैबोरोन/नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायुसेना के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वायु अभ्यास चल रहा है। दोनों देशों के इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतरसंचालन क्षमता को बढ़ाना है। 13 नवंबर को इस अभ्यास का फाइनल व अंतिम दिन है। खास बात यह भी है कि इस अभ्यास में अमेरिकी वायुसेना ने अपने अत्याधुनिक बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान के साथ भाग लिया है। सटीक व घातक मारक क्षमता बी-1बी लांसर अपनी लंबी दूरी की प्रहार क्षमता और सटीक टारगेट तकनीक के लिए प्रसिद्ध है।

भारतीय वायुसेना की ओर से यहां विभिन्न अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और वायु रक्षा प्रणालियों ने हिस्सा लिया है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने एक साथ कई जटिल युद्ध परिदृश्यों पर कार्य किया है। इनमें एयर डिफेंस ऑपरेशन, स्ट्राइक मिशन, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, हवा में ईंधन भरना और संयुक्त मिशन योजना शामिल रही। इस दौरान पायलटों और तकनीकी दलों ने एक-दूसरे की रणनीतियों, तकनीकों और संचालन प्रक्रियाओं से महत्वपूर्ण अनुभव साझा किया। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भविष्य के बहुराष्ट्रीय अभियानों में बेहतर सामंजस्य स्थापित करना और उभरते सुरक्षा परिदृश्य में संयुक्त प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाना है। भारतीय वायुसेना के मुताबिक भारत व अमेरिकी वायु सेना के बीच यह अभ्यास 10 नवंबर को शुरू हुआ था और आज 13 नवंबर को पूरा होने जा रहा है।

रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यह अभ्यास दोनों देशों के बीच सामरिक साझेदारी को और सुदृढ़ करेगा तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। संयुक्त वायुसेना अभ्यास के दौरान अमेरिकी व भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने एक दूसरे देश के पायलटों की पेशेवर क्षमता और सामरिक सोच को नजदीक से अनुभव किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के नए आयाम खोलते हैं। संयुक्त रूप में यह संकल्प भी है कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी आगे भी और मजबूत होगी तथा साझा सुरक्षा हितों की रक्षा में निरंतर सहयोग जारी रहेगा। गौरतलब है कि जहां एक ओर दोनों देशों की वायु सेनाएं यह संयुक्त अभ्यास कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी इन दिनों अमेरिका की एक महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा बुधवार 12 नवंबर को शुरू हुई थी। नौसेना के मुताबिक एडमिरल त्रिपाठी की इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना के बीच पहले से प्रगाढ़ और सुदृढ़ समुद्री साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना है। भारतीय नौसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना के बीच ये मजबूत संबंध, भारतङ्कअमेरिका रक्षा सहयोग का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय नौसेना प्रमुख 17 नवंबर तक संयुक्त राज्य अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर हैं।

# चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा दें : ह लिफंग

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग/आईएएनएस**

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और चीनी उप-प्रधानमंत्री ह लिफंग ने पेइचिंग में अमेरिका-चीन संबंधों पर राष्ट्रीय समिति (एनसीयूसीआर) के बोर्ड के कार्यकारी उपाध्यक्ष इवान ग्रीनबर्ग और एनसीयूसीआर के अध्यक्ष स्टीफन ऑर्लिंस से मुलाकात की।

ह लिफंग ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापारिक क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

दोनों पक्षों को दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बुसान बैठक में हुई महत्वपूर्ण सहमति और परिणामों को बनाए रखने और लागू करने, सहयोग को मजबूत करने, मतभेदों को दूर करने और चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अमेरिका-चीन संबंधों पर राष्ट्रीय समिति चीन और अमेरिका के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग को बढ़ावा देने में नए योगदान देगी। ह लिफंग ने बैठक में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं केंद्रीय समिति के चौथे पूर्णाधिवेशन की भी जानकारी दी। अमेरिकी पक्ष ने कहा कि अमेरिका-चीन संबंधों की स्थिरता बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है और वे अमेरिका-चीन आदान-प्रदान और सहयोग को और अधिक गहरा करने में सेतु की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

# बेलेम जलवायु सम्मेलन में चीन के कार्बन बाजार विकास अनुभव ने ध्यान आकर्षित किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ बीजिंग/आईएएनएस**




चीन के पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण उप मंत्री ली काओ ने ब्राजील के बेलेम में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के पक्षकारों के 30वें सम्मेलन (कॉप30) के 'चाइना कॉर्नर' में चीन के कार्बन बाजार के विकास का परिचय दिया, जिसने भाग लेने वाले प्रतिनिधियों और अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

'चाइना कॉर्नर' में 'चीन के कार्बन बाजार का उच्च-गुणवत्तापूर्ण विकास और अनुभव साझाकरण' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ली काओ ने चीन के कार्बन बाजार के विकास के तीन प्रमुख अनुभवों का सारांश किया: पहला, राष्ट्रीय परिस्थितियों पर आधारित करना और कार्बन बाजार प्रणाली का निरंतर अन्वेषण और अनुकूलन करना। दूसरा, डेटा गुणवत्ता और कार्बन बाजार प्रबंधन को निरंतर मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और तीसरा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को गहरा करना और कार्बन बाजार क्षेत्र में अनुभव साझाकरण और अंतर्राष्ट्रीय पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देना। ली काओ ने बताया कि 2024 के बाद से, चीन के कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार ने पहली बार इस्पात, सीमेंट और एल्युमीनियम प्रगलन समेत तीन उद्योगों को अपने प्रबंधन में शामिल किया है। अक्टूबर 2025 के अंत तक, चीन के कार्बन बाजार व्यापार कोटा की संचयी मात्रा 77 करोड़ टन से अधिक हो गई। 'चाइना कॉर्नर' में कई देशों के प्रतिनिधियों ने कार्बन बाजार विकास के अपने अनुभव साझा किए।

विश्व बैंक के जलवायु परिवर्तन विभाग की निदेशक वैलेरी हिकी ने कहा कि चीन का कार्बन बाजार निरंतर विकास और स्थिर विस्तार का एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से कार्बन बाजार को अधिक कुशल बनाने और अधिक देशों को कवर करने के लिए कार्बन बाजार विकास में अनुभवों का सक्रिय रूप से आदान-प्रदान करने का आह्वान किया।



# स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने 'टोटल एनवायरनमेंट ग्रुप' के लिए भारत का पहला लिस्टेड ग्रीन एनसीडी अरेंज किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

बेंगलुरु स्थित टोटल एनवायरनमेंट ग्रुप की एक सहायक कंपनी, टोटल एनवायरनमेंट रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (TERPL) ने 175 करोड़ रुपये के लिस्टेड रेटेड नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (NCDs) सफलतापूर्वक जारी किए हैं। इन एनसीडी को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने व्यवस्थित किया और खरीदा है।

यह पहला मौका है जब किसी भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर ने लिस्टेड ग्रीन एनसीडी जारी किए हैं। स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने इस पूरे काम के लिए एकमात्र व्यवस्थापक (अरेंजर) और ग्रीन को-ऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई। इन एनसीडी से मिला पैसा मुख्य रूप से बेंगलुरु में एक आवासीय रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के विकास में इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा 'ग्रीन होम्स प्लैटिनम लेवल' पर पहले से ही प्रमाणित है। इस इश्यू को ब्यूरो वेरिटास, जो जोखिम प्रबंधन और गुणवत्ता जांच में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ संस्था है, ने सेकंड पार्टी ओपिनियन दिया है। यह राय बताती है कि यह एक 'ग्रीन' प्रोजेक्ट है। बैंक ने इस ग्रीन एनसीडी को बनाने की प्रक्रिया में पूरा सहयोग दिया, जिसमें सेकंड पार्टी ओपिनियन देने वाली संस्था का चयन, सेकंड पार्टी ओपिनियन प्रक्रिया को संभालना और संरचना बनाना शामिल है। यह इश्यू इंटरनेशनल कैपिटल मार्केट एसोसिएशन के ग्रीन बॉन्ड नियमों और सेबी के ग्रीन डेट सिक्योरिटी नियमों का पालन करता है। टोटल एनवायरनमेंट ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन, कमल सागर ने कहा कि, 'हम हमेशा से मानते आए हैं कि अच्छे डिजाइन का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि हम इस अद्भुत ग्रह पर अपनी जरूरतों को पूरा करें, लेकिन साथ ही हमारे इकोसिस्टम को कोई नुकसान न पहुंचाएं और न ही अपनी आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता के साथ समझौता करें।'

स्टैंडर्ड चार्टर्ड के इंडिया व साउथ एशिया कवरेज के को-हेड संजय गूर्जर ने कहा कि, 'हमें टोटल एनवायरनमेंट ग्रुप के साथ साझेदारी करने और उनके सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को समर्थन देने पर गर्व है। रियल एस्टेट डेवलपर के लिए भारत का पहला लिस्टेड ग्रीन एनसीडी जारी करना हमारे इस वादे को मजबूत करता है कि हम अपने बाजारों में सस्टेनेबल फाइनेंस को बढ़ावा देते रहेंगे।' स्टैंडर्ड चार्टर्ड के साउथ एशिया कमर्शियल रियल एस्टेट फाइनेंसिंग हेड, मनमीत गुलाटी ने कहा कि, टोटल एनवायरनमेंट ग्रुप के लिए यह लिस्टेड ग्रीन बॉन्ड पूरा होना हमारे सस्टेनेबल फाइनेंस को बढ़ावा देने के संकल्प के अनुरूप है। इससे रियल एस्टेट फाइनेंसिंग में एक अनोखा और पहला समाधान देने वाली संस्था के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होती है।

# 'स्वास्थ्य बीमा को विवेकाधीन खर्च के रूप में नहीं, बल्कि एक बुनियादी घरेलू आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए'

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**



**रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन**

अक्टूबर के अंत से दिसंबर की शुरुआत तक, देश के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता आमतौर पर 'मध्यम' से 'गंभीर' स्तर तक गिर जाती है। इसके पीछे प्रमुख कारण पराली जलाना, त्योहारी आतिशबाज़ी और स्थिर सर्दियों की हवा हैं। इस तरह के प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के अलावा शरीर के कई अन्य अंग तंत्र प्रभावित होते हैं, जिससे श्वसन, हृदय संबंधी और त्वचा से जुड़ी बीमारियों में बढ़ोतरी देखी जाती है।

इस बढ़ती चिंता पर विचार व्यक्त करते हुए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहा, 'भारत के कई क्षेत्रों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता अब केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक बढ़ती हुई सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति है। बढ़ते प्रदूषण स्तर श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों में सीधे तौर पर वृद्धि का कारण बन रहे हैं, जिससे उपचार चक्र लंबा हो रहा है और परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ रही है।'

इस संदर्भ में, स्वास्थ्य बीमा को एक विवेकाधीन खर्च के रूप में नहीं, बल्कि एक बुनियादी घरेलू आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए। यह गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल तक समय पर पहुँच सुनिश्चित करता है और परिवारों को अप्रत्याशित स्वास्थ्य स्थितियों के वित्तीय प्रभाव से बचाता है। बीमाकर्ता के रूप में, हम प्रदूषण संबंधी बीमारियों से जुड़े दावों के पैटर्न में स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं, जो व्यापक कवरेज और तेज़ी से अपनाने की आवश्यकता को पुष्ट करता है। हम व्यक्तियों और परिवारों से आग्रह करते हैं कि वे न केवल मन की शांति के लिए, बल्कि पर्यावरणीय कारकों से प्रेरित बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों के विरुद्ध एक व्यावहारिक सुरक्षा उपाय के रूप में भी सक्रिय रूप से स्वास्थ्य बीमा करवाएं।

# किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स की एकल शुद्ध बिक्री दूसरी तिमाही में 1,500 करोड़ रुपये के पार

**बिज़नेस रेमेडीज/पुणे**

किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड (केओईएल) (बीएसईः 533293; एनएसईः किर्लोसेंग), जो आंतरिक दहन इंजन, जनरेटर सेट और कृषि उपकरणों के निर्माण में अग्रणी है और जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी-खासी उपस्थिति है, ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही और छह महीनों के लिए अपने अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स की प्रबंध निदेशक गौरी किर्लोस्कर ने कहा कि किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स लिमिटेड (केओईएल) ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जो कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमने पहली बार किसी तिमाही में 1,500 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार किया और 3,027 करोड़ रुपये की अपनी अब तक की सबसे अधिक पहली छमाही की बिक्री हासिल की। स्टैंडअलोन व्यवसाय के सभी खंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो हमारी मजबूत बाजार स्थिति और परिचालन उत्कृष्टता को दर्शाती है। पावर जनरेशन बिजनेस यूनिट ने अपने मजबूत प्रदर्शन को जारी रखा, जिसे हमारे व्यापक वितरण नेटवर्क, मजबूत ब्रांड इक्विटी और इंजन और जनरेटर प्रौद्योगिकी में चल रहे नवाचार का समर्थन प्राप्त हुआ। 10 अक्टूबर को, हमने अपने बी2सी परिचालनों के रणनीतिक पुनर्गठन की भी घोषणा की, जिसके तहत इस व्यवसाय को स्लम्प सेल के माध्यम से हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ला-गज्जर मशीनरीज़ प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा।

# एंजेल वन एएमसी ने निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर भारत का पहला स्मार्ट बीटा फंड लॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

एंजेल वन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एंजेल वन एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 ईटीएफ और एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की; ये निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर आधारित पहली स्मार्ट बीटा योजनाएं हैं, जो निवेशकों को निष्क्रिय निवेश के दायरे के तहत व्यापक बाजार में निवेश का अवसर प्रदान करती हैं।

दोनों योजनाएं निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स के प्रदर्शन का अनुसरण करने के लिए तैयार की गई हैं, जिसमें बड़ी, मध्यम, छोटी और माइक्रोकैप खंड की 750 कंपनियों के समूह से चुने गए शीर्ष 50 स्टॉक शामिल हैं। स्टॉक का चयन संयुक्त गति (मोमेंटम) और गुणवत्ता स्कोर पर आधारित है, जो निवेशकों को बा?ार में भागीदारी के लिए विविध, नियम-आधारित और पारदर्शी दृष्टिकोण प्रदान करता है। एंजेल वन एएमसी के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी, हेमेन भाटिया ने इस योजना के लॉन्च के अवसर पर कहा, ÷इन नए लॉन्च से स्पष्ट है कि हम निवेशकों को बाज़ार में भागीदारी के पारदर्शी और किफायती तरीके प्रदान करने प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए हैं। एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 ईटीएफ और इंडेक्स फंड को विभिन्न कारकों (फैक्टर) और नियमों पर आधारित दृष्टिकोण के ?रिये रिटर्न प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है जो दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का समर्थन करता है। एंजेल वन एएमसी में, हम ऐसे निवेश समाधानों के जरिये निवेशकों को सशक्त बनाने पर ध्यान देते हैं जो निष्क्रिय योजना पेशकशों का उपयोग कर दीर्घकालिक संपत्ति का सृजन कर सकें।

**मुख्य विशेषताएं :** ये योजनाएं विभिन्न बाजार पूंजीकरण वाली 750 कंपनियों में से चुनिंदा 50 शेयरों में विविधीकृत निवेश प्रदान करती हैं, विभिन्न कारकों को ध्यान रखती हैं जिसके तहत मोमेंटम (कीमत की मजबूती) और गुणवत्ता दोनों पर विशेष जोर दिया जाता है। ये योजनाएं अर्ध-वार्षिक आधार पर पुनर्संतुलन और बिना किसी निकास भार के साथ किफायती, नियम-आधारित और पारदर्शी निवेश रणनीति प्रदान करती हैं। एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 ईटीएफ के लिए एनएफओ के दौरान न्यूनतम आवेदन राशि 1,000 है और उसके बाद 1 के गुणकों में निवेश किया जा सकता है। एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड 250 प्रति दिन, साप्ताहिक या पाक्षिक योजनाओं के लिए 500, मासिक के लिए 1,000 और त्रैमासिक योगदान के लिए 3,000 से शुरू होने वाले लचीले एसआईपी विकल्प प्रदान करता है।

# ब्रह्मगिरी पहाड़ियों में बसा है भारत का स्कॉटलैंड 'कुर्ग'

**बिज़नेस रेमेडीज/मंगलौर**




मंगलौर से कुर्ग की दूरी है 135 किलोमीटर है। यहां से मडिकेरी तक सीधी बसें मिल जाती हैं। मडिकेरी कुर्ग जिले का हेडक्वार्टर है। समुद्र तल से 1525 मीटर की उंचाई पर बसा मडिकेरी कर्नाटक के कोडगु जिले का मुख्यालय है। मडिकेरी को दक्षिण का स्कॉटलैंड कहा जाता है। यहां की धुंधली पहाड़ियां, हरे वन, कॉफी के बगान और प्रकृति के खूबसूरत दृश्य मडिकेरी को अविस्मरणीय पर्यटन स्थल बनाते हैं। मडिकेरी और उसके आसपास बहुत से ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल भी हैं। यह मैसूर से 125 किमी. दूर पश्चिम में स्थित है और कॉफी के उद्यानों के लिए भी बहुत प्रसिद्ध है।

1600 ईस्वी के बाद लिंगायत राजाओं ने कुर्ग में राज किया और मडिकेरी को राजधानी बनाया। मडिकेरी में उन्होंने मिट्टी का किला भी बनवाया। 1785 में टीपू सुल्तान की सेना ने इस साम्राज्य पर कब्जा करके यहां अपना अधिकार जमा लिया। चार वर्ष बाद कुर्ग ने अंग्रेजों की मदद से आजादी हासिल की और राजा वीर राजेन्द्र ने पुर्ननिर्माण का कार्य किया। 1834 ई. में अंग्रेजों ने इस स्थान पर अपना अधिकार कर लिया और यहां के अंतिम शासक पर मुकदमा चलाकर उसे जेल में डाल दिया। कुर्ग अंग्रेजों का दिया नाम है जिसे बदलकर कोडगु कर दिया गया है। यहां की भाषा कूर्गी है। स्थानीय लोग इसे कोडवक्तया कोडवा कहते हैं। मडिकेरी के अलावा कुर्ग के मुख्य इलाके विराजपेट, सोमवारपेट और कुशलनगर है। यहां लोगों में एक अलग तरह की खुशमिजाज़ी है, जो आप कुदरत के करीब रहने वाले हर इंसान में देख सकते हैं।

**ओंकारेश्वर मंदिर :** मडिकेरी के आसपास कुछ खास जगहों में ओंकारेश्वर मंदिर यहां का प्रसिद्ध मंदिर है। भगवान शिव और विष्णु को समर्पित इस मंदिर की स्थापना हलेरी वंश के राजा लिंगराजेन्द्र द्वितीय ने 1829 ईस्वी में की थी। मान्यता है कि लिंग राजेंद्र ने काशी से शिवलिंग लाकर यहां स्थापित किया। मंदिर में आपको इस्लामिक स्थापत्य शैली की झलक मिलेगी। मंदिर में एक केंद्रीय गुम्बद और चार मीनारें हैं जो बासव अर्थात पवित्र बैलों से घिरी हुई हैं। इसके प्रांगण में एक तालाब है जिसमें कातला प्रजाति की मछलियां हैं। ये तालाब को गंदा होने से बचाती हैं। पल भर के लिए पानी से उचक कर बाहर निकलती और खाना लेकर फिर पानी में गुम होती मछलियां यह मजेदार दृश्य मंदिर को और आकर्षक बनाता है।

**कावेरी का उद्गम-तलकावेरी :** मंदिर से निकलकर हम राजा की सीट (गद्दी) की तरफ बढ़े। हरे-भरे बाग के अंदर राजा की ऐतिहासिक गद्दी है । यहां से दूर-दूर फैले हरे धन के खेतों, घाटियों, भूरे-नीले घाटों के दृश्य देखे जा सकते हैं। यह वो जगह है जहां कुर्ग के राजा अपनी शामें बिताया करते थे। पहाड़ियों, बादलों और धुंध के बीच सिमटे कुर्ग का दृश्य देखकर लोगों का मन बाग-बाग हो जाएगा। राजा की सीट के साथ ही चोटी मरियम्मा नामक एक प्राचीन मंदिर है। मडिकेरी में ऐतिहासिक महत्व की कई जगहें हैं और मडिकेरी किला उनमें से एक है। प्रारंभ में यह किला मिट्टी का बना था और इसका निर्माण मुद्दु राजा ने करवाया था। टीपू सुल्तान ने इसका पुनर्निर्माण करके इसमें पत्थरों का इस्तेमाल किया। टीपू सुल्तान ने 18वीं शताब्दी में यहां कुछ समय के लिए शासन किया था। किले के अंदर लिंगायत शासकों का महल है। किले में एक पुरानी जेल, गिरिजाघर और मंदिर भी हैं। गिरिजाघर को म्यूज़ियम में तब्दील कर दिया गया है। छोटे से म्यूज़ियम का चक्कर लगाकर हम किले से बाहर निकल आए।

मडिकेरी से 8 किलोमीटर दूर एबी वॉटरफॉल एक निजी कॉफी-एस्टेट के अंदर है। एस्टेट में कदम रखते ही कॉफी, काली-मिर्च, इलायची और दूसरे कई पेड़-पौधों देखने को मिलते हैं। हरियाली और ढलान भरे रास्ते से उतरते हुए हमें कल-कल करते झरने की आवाज सुनाई दी।

**कुर्ग का एक मनोरम दृश्य :** यह पर मौजूद कोडव लोगों के इष्टदेव इगुथप्पा यानि शिव का मंदिर है। कुर्गी भाषा में इगु का मतलब है खाना, और थप्पा का मतलब है देना, इगुथप्पा यानि खाना देना। राजा लिंगराजेंद्र ने 1810 ईस्वी में इस मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर के पुजारी लव ने बताया कि कोडव लोगों के लिए कावेरी अगर जीवनदायिनी मां है तो इगुथप्पा उनके पालक हैं। प्रसाद के रूप में मंदिर में रोजाना भोजन की भी व्यवस्था है। किसी भी जरूरी कर्मकांड से पहले स्थानीय लोग यहां आकर अपने इष्टदेव से आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। हमने भी इगुथप्पा का आशीर्वाद लिया और चेलवरा फाल की तरफ बढ़ गए। चेलवरा कुर्ग के खूबसूरत झरनों में से एक है। यह विराजपेट से करीब 16 किलोमीटर दूर है।

# नागपुर एअर इंडिया एक्सप्रेस के नेटवर्क में शामिल हुआ; दिल्ली-आबू धाबी और पुणे-आबू धाबी रूट्स की हुई शुरूआत

बिज़नेस रेमेडीज/नईदिल्ली

विकास की गति को जारी रखते हुए भारत के पहले इंटरनेशनल वैल्यू कैरियर एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने तेजी से बढते नेटवर्क में नागपुर को शामिल करने की घोषणा की है। एयरलाईन ने पिछले दो महीनों में अपने नेटवर्क में पांच नए स्टेशन शामिल किए हैं, जिसके साथ इसके नेटवर्क में गंतव्यों की कुल संख्या 60 पर पहुंच गई है। 1 दिसम्बर 2025 से एयरलाईन नागपुर और बैंगलुरू के बीच दो-दैनिक उड़ानों का संचालन करेगी। नई उड़ानों की बुकिंग एयरलाईन की पुरस्कार विजेता वेबसाईट airindiaexpress.com, मोबाइल ऐप और मुख्य बुकिंग चैनल्स पर खुल चुकी है।

एयरलाईन आबू धाबी के लिए नई उड़ानों की शुरूआत के साथ अपने गल्फ नेटवर्क का भी विस्तार कर रही है। 2 दिसम्बर 2025 से एअर इंडिया एक्सप्रेस दिल्ली और आबू धाबी के बीच चार साप्ताहिक उड़ानों तथा पुणे एवं आबू धाबी के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों का सचांलन करेगी, जिससे भारत एवं यूएई के बीच कनेक्टिविटी और मजबूत हो जाएगी। एयरलाईन के नेटवर्क में नागपुर को शामिल किए जाने से महाराष्ट्र में एअर इंडिया एक्सप्रेस की मौजूदगी सशक्त होगी, जहां एयरलाईन पहले से मुंबई से 130 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों तथा पुणे से 90 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती है। एयरलाईन नवी मुंबई से बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद एवं कोलकाता तक 35 साप्ताहिक उड़ानों का संचालन भी शुरू करेगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा हाल ही में बैंगलुरू से अहमदाबाद, चण्डीगढ़, देहरादून, जोधपुर, उदयपुर रूट्स की शुरूआत के बाद नई नागपुर-बैंगलुरू सर्विस की शुरूआत की गई है, जिससे एयरलाईन के विस्तृत होते नेटवर्क में मुख्य हब के रूप में बैंगलुरू की स्थिति और मजबूत होगी। एयरलाईन बैंगलुरू से 530 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती है। एयरलाईन ने हाल ही में बैंगलुरू से बैंकॉक, जेद्दाह, कुवैत और रियाध के लिए सीधी उड़ानों का उद्घाटन भी किया था। दिल्ली से, एअर इंडिया एक्सप्रेस 400 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें चलाती है, जो 25 अंतर्राज्यीय गंतव्यों तथा यूएई में आबू धाबी एवं शारजाह और ओमान में मस्कट को सीधे कनेक्ट करती हैं।

एयरलाईन ने हाल ही में अपने नए ब्राण्ड कैंपेन 'एक्सप्लोर मोर, एक्सप्रेस मोर' का अनावरण किया था, जो यात्रियों को स्थानीय संस्कृति का आनंद उठाने और नए अनुभवों को खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# जोधपुर सोलर कॉन्ट्रैक्टर्स मीट : राजस्थान के नवीकरणीय भविष्य को सशक्त बनाएंगे

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर।**



राजस्थान सोलर एसोसिएशन (आरएसए) द्वारा फर्स्ट व्यू ग्रुप-सोलर क्वार्टर के सहयोग से आयोजित सोलर कॉन्ट्रैक्टर्स मीट- जोधपुर 2025 का आयोजन नोवोटेल जोधपुर, आईटीआई सर्कल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. भंवर लाल, प्रबंध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा अभिनव कुमार अग्रवाल, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष, सुनील बंसल ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की और राजस्थान की सौर ऊर्जा उद्योग जगत की एक सार्थक व प्रेरणादायक बैठक की शुरुआत की। इस अवसर पर राजस्थान सोलर एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन अग्रवाल ने कहा, आज की बैठक में जिस स्तर की भागीदारी और उत्साह देखने को मिला, वह राजस्थान की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ती शक्ति को दर्शाता है। यह सफल आयोजन आगामी भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 की दिशा में एक मजबूत सकारात्मक गति प्रदान करता है, जहां हम भारत के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा हितधारकों को एक मंच पर लाने का लक्ष्य रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 (16 से 18 जनवरी 2026, जयपुर) के लिए एक रोड शो भी आयोजित किया गया।

इस मीट में ज्ञानवर्धक सत्र, व्यावहारिक कार्यशालाएं, तकनीकी प्रदर्शन और संवादात्मक चर्चाएं शामिल थीं, जिनका उद्देश्य ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स, निर्माताओं और डेवलपर्स के बीच सहयोग को सशक्त बनाना था। प्रतिभागियों ने इस मंच की सराहना की, जिसने नवाचार, नीति जागरूकता और साझेदारी को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जिसने राजस्थान की स्थिति को भारत के नवीकरणीय ऊर्जा नेता के रूप में और भी सुदृढ़ किया तथा सभी हितधारकों को एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



# ढाकुरिया में 'मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज़' का शुभारंभ

**बिज़नेस रेमेडीज/कोलकाता**



मणिपाल हॉस्पिटल्स ढाकुरिया और ईएम बाइपास- जो भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर नेटवर्क, मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप की प्रमुख इकाइयाँ हैं - ने विश्व डायबिटीज़ दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण पहलें कीं। ढाकुरिया इकाई में मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज़ की शुरुआत की गई, जबकि ईएम बाइपास इकाई में एक विशेष डायबिटीज़ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ओलंपियन शूटर और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित जॉयदीप कर्माकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों कार्यक्रमों का उद्देश्य था – समय पर जांच, जीवनशैली में सुधार और डायबिटीज़ के बेहतर प्रबंधन के महत्व पर ज़ोर देना।

डायबिटीज़ आज एक वैश्विक समस्या बन चुकी है और इसे '21वीं सदी की महामारी' भी कहा जाता है। दुनिया भर में लाखों लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। समय पर पहचान, सही इलाज और लगातार निगरानी रखना बहुत ज़रूरी है ताकि लंबी अवधि की जटिलताओं को रोका जा सके। भारत में बढ़ते मामलों को देखते हुए अब विशेष देखभाल और जनजागरूकता की सख्त ज़रूरत है। मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज़ ढाकुरिया में शुरू किया गया है, जहाँ एक अनुभवी विशेषज्ञों की टीम मरीजों को एक ही छत के नीचे जांच, इलाज और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगी। इस टीम में प्रमुख डॉक्टर शामिल हैं -

डॉ. सुजॉय घोष, कंसल्टेंट - एंडोक्राइनोलॉजी, डॉ. अमल कुमार सिन्हा, कंसल्टेंट- डायबिटीज़ एवं एंडोक्राइनोलॉजी, डॉ. मनोजित केतन मुखोपाध्याय, सीनियर कंसल्टेंट- एंडोक्राइनोलॉजी, डॉ. अनिर्बन सिन्हा, कंसल्टेंट - एंडोक्राइनोलॉजी, डॉ. उमाकांत महापात्र, कंसल्टेंट - एंडोक्राइनोलॉजी, डॉ. सोहम तारफदार, कंसल्टेंट - एंडोक्राइनोलॉजी, और डॉ. शिलादित्य नंदी, कंसल्टेंट ङ्क एंडोक्राइनोलॉजी। यह संस्थान मरीजों को शिक्षा और जागरूकता देने पर विशेष ध्यान देगा ताकि वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल खुद भी बेहतर तरीके से कर सकें।

लॉन्च पर डॉ. सुजॉय घोष, कंसल्टेंट -एंडोक्राइनोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल ढाकुरिया ने कहा कि डायबिटीज़ अब किसी एक उम्र तक सीमित नहीं रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग- सभी प्रभावित हो रहे हैं। भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा लोग डायबिटीज़ से पीड़ित हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए हमने मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज़ की शुरुआत की है, जहाँ उन्नत जांच, विशेषज्ञ इलाज और जीवनशैली मार्गदर्शन एक ही स्थान पर मिल सके। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति समय रहते बीमारी की पहचान करे, सही उपचार ले और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाए। ईएम बाइपास इकाई में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कई रोचक गतिविधियाँ हुईं। सबसे खास रही 'शुगर मॉन्स्टर' की प्रदर्शनी, जिसमें आम खाने-पीने की चीज़ों में छिपी शक्कर की मात्रा को दिखाया गया। इससे लोगों को यह समझने में मदद मिली कि छोटी-छोटी आदतें कैसे डायबिटीज़ का कारण बन सकती हैं। कार्यक्रम में डायबिटीज़ अवेयरनेस बुकलेट और जानकारी पोस्टर भी जारी किए गए, जिनमें लक्षण, बचाव और जीवनशैली सुधार के तरीके बताए गए।

# इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वेलरी ने 'पद्म रंजिनी' लॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज**




इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वेलरी ने राजस्थान से प्रेरित एक विशेष ब्राइडल कलेक्शन 'पद्म रंजिनी' लॉन्च किया हैं। यह कलेक्शन उस दुल्हन के लिए बनाया गया है जो अपनी परंपरा को गर्व से साथ लेकर चलती है और अपने सपनों के परफेक्ट पल का वर्षों से इंतज़ार कर रही है। शाही कारीगरी से सजा यह पद्म रंजिनी कलेक्शन राजस्थान की समृद्ध विरासत का उत्सव है और वहां की अनंत कला और परंपरा को समर्पित है।

पद्म रंजिनी सिर्फ आभूषण नहीं है; यह पहचान और विरासत का गहरा प्रतीक है। यह कलेक्शन उस दुल्हन के लिए बनाया गया है जो अपनी व्यक्तिगत कहानियों और मूल को अपनाती है। इसके केंद्र में एक खूबसूरत कई परतों वाला (कई स्तरों में विभाजित) ब्राइडल सेट है, जो राजस्थान की निर्माण कला और कलात्मक विरासत को आधुनिक पहनने योग्य कला में बदल देता है – जिससे हर दुल्हन अपने विशेष दिन पर अपनी संस्कृति की भव्यता और उसके प्रतीकात्मक अर्थ को अपने साथ आगे बढ़ा सके। यह अद्भुत रचना तीन बारीक परतों में खुलती है, जो कोमलता, परंपरा और समृद्धि का संगम हैं। पहली परत, पद्म आद, एक भव्य डिजाइन है जो सिटी पैलेस के प्रसिद्ध पद्म गेट से प्रेरित है, इसमें कमल के डिज़ाइन सुंदरता और सौम्यता का प्रतीक हैं, जिन्हें गजरा मोटिफ और श्रीनाथजी पंखी झालर जैसे पिचवाई कला के पवित्र तत्वों के साथ जोड़ा गया है, जो भक्ति और राजसी सौंदर्य का सुंदर संगम प्रस्तुत करते हैं। मध्य परत, तिमनिया, लाल और सफेद जड़ाई कला से सजी है, जिसमें हाथी और मोर की बारीक आकृतियाँ उकेरी गई हैं। इसे सोने से जड़ी पुवाई से जोड़ा गया है, जिस पर नाजुक फूलों के डिज़ाइन किये गए हैं, जो राजस्थान की समृद्ध कारीगरी को खूबसूरती से दर्शाते हैं। इस सेट को पूर्णता देती है हामेल, एक कमल-आकृति वाली सुंदर परत, जो अपने पारंपरिक संरक्षणात्मक रूप को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करती है, इसमें तावीज़, सिक्के और पंखी मोटिफ़ जैसे प्रतीकात्मक तत्व शामिल हैं, जो पद्म गेट से प्रेरित विरासत और सुंदरता का मनमोहक संगम प्रस्तुत करता है।

# आईआईएम रायपुर एचआर समिट 2025 का सफल आयोजन

**बिज़नेस रेमेडीज/रायपुर**




भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, जो 'बिल्डिंग बिजनेस ओनर्स' के लिए प्रसिद्ध है, ने अपने वार्षिक एचआर समिट 2025 का सफल आयोजन किया। सम्मेलन का विषय था - 'पीपल, पर्पस एंड पॉसिबिलिटीज़'। यह दो दिवसीय आयोजन उद्योग जगत, एचआर विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का संगम बना, जिसमें मानव संसाधन प्रबंधन के बदलते स्वरूप और उद्देश्य-आधारित, भविष्य के लिए तैयार संगठनों की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ।

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर-इन-चार्ज, प्रो. संजीव पराशर ने कहा, कि काम का भविष्य ऐसे नेताओं की मांग करता है जो प्रक्रियाओं और प्रदर्शन से आगे सोचते हैं–जो विवेक और करुणा से नेतृत्व करते हैं। एचआर समिट 2025 यह विश्वास दोहराता है कि जब हर निर्णय के केंद्र में 'लोग' होते हैं, तो संभावनाएं बढ़ती हैं और उद्देश्य प्रगति की नींव बन जाता है। हमारा लक्ष्य ऐसे नेताओं को प्रेरित करना है जो संगठनों को मजबूत, नैतिक और भविष्य उन्मुख बनाएं। सुपर्णा टंडन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल पेंशन सिस्टम ट्रस्ट (एनपीएस ट्रस्ट), ने अपने मुख्य वक्तव्य में नैतिक नेतृत्व, अनुकूलनशीलता और विश्वास-आधारित निर्णय लेने की भूमिका पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि रजिता सिंह, चीफ पीपल ऑफिसर, किंड्रिल ने एचआर की बदलती भूमिका पर अपने विचार रखे। इस समिट में 35 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें सिटी, टाटा मोटर्स, ब्रिजस्टोन इंडिया, किंड्रिल, एक्सेंचर, पेयू, बीपीसीएल, एस्टर डीएम हेल्थकेयर और मोज़ेक वेलनेस जैसी प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और एचआर प्रमुख शामिल थे।

# दुनिया के सबसे तेज़ धावक नोआ लाइल्स और महान महिला धावक शेली-ऐन फ्रेज़र-प्राइस ने बढ़ाया बजाज फिनसर्व का संदेश "You Too Can Fly" बजाज पुणे मैराथन के छठे संस्करण में दौड़ेगी नई प्रेरणा

**बिज़नेस रेमेडीज/पुणे**

भारत की सबसे लोकप्रिय सिटी रन में से एक बजाज पुणे मैराथन अपने छठे संस्करण के साथ 14 दिसंबर को लौट रही है। इस बार आयोजन और भी बड़ा, प्रेरक और समावेशी होगा।

बजाज फिनसर्व लिमिटेड, जो देश के सबसे बड़े और विविध वित्तीय समूहों में से एक है, की यह पहल हजारों धावकों को एक मंच पर लाती है – अंतरराष्ट्रीय एथलीटों से लेकर फिटनेस प्रेमियों और कॉर्पोरेट लीडर्स तक – सभी एक ही विश्वास के साथ: "You Too Can Fly" यानी 'आप भी उड़ान भर सकते हैं।' इस भावना का नेतृत्व कर रहे हैं दुनिया के दो सबसे मशहूर एथलीट – जमैका की स्प्रिंट लीजेंड शेली-ऐन फ्रेज़र-प्राइस, जो 17 विश्व चैम्पियनशिप और 8 ओलंपिक पदकों के साथ अब तक की सबसे सफल 100 मीटर धाविका हैं, और अमेरिका के नोआ लाइल्स, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन, जिन्हें आज 'दुनिया का सबसे तेज़ आदमी' कहा जाता है। दोनों खिलाड़ी इस मैराथन के एम्बेसडर के रूप में खेल की उत्कृष्टता, मेहनत और प्रेरणा की भावना को साकार करते हैं। 2018 में शुरू हुई बजाज पुणे मैराथन अब आकार और महत्व–दोनों में कहीं आगे बढ़ चुकी है। यह शुरू में 21.1 किमी की हाफ मैराथन थी, लेकिन इस बार इसे बढ़ाकर 42.2 किमी की फुल मैराथन बनाया गया है। इसमें कई श्रेणियाँ शामिल हैं – फुल मैराथन (42.2 किमी), हाफ मैराथन (21.1 किमी), 10 किमी और 5 किमी टाइम्ड रेस – ताकि हर आयु और क्षमता के लोग इसमें भाग ले सकें।

बजाज फिनसर्व लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव बजाज ने कहा कि हमारा विज़न है हर भारतीय के सपनों को उड़ान देना। 'You Too Can Fly' इस सोच का प्रतीक है कि संभावनाओं की कोई सीमा नहीं। इस वर्ष की मैराथन में नोआ लाइल्स और शेली-ऐन फ्रेज़र-प्राइस का साथ इस बात का उत्सव है कि हम सिर्फ फिटनेस और सहनशक्ति ही नहीं, बल्कि भारत की ऊँचाइयों को छूने की सामूहिक भावना का भी जश्न मना रहे हैं।

शेली-ऐन फ्रेज़र-प्राइस ने कहा कि हर फिनिश लाइन एक नई शुरुआत होती है। बजाज पुणे मैराथन उसी भावना को जीवंत करती है–लोगों को उद्देश्य, फिटनेस और अपने भीतर की संभावनाओं के साथ जोड़ती है। बतौर एम्बेसडर इस आयोजन से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। यह धावक हमें याद दिलाते हैं कि हर कोई उड़ने, आगे बढ़ने और ऊँचाई छूने की ताकत रखता है।

नोआ लाइल्स ने कहा कि मैं बजाज पुणे मैराथन का मानद स्टार्टर बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूँ। भारत बहुत समय से मेरी विज़िट लिस्ट में था। मेरे बहुत सारे फैन भारत से हैं, और मैं हमेशा उनके प्यार का जवाब देना चाहता था। अब मैं भारत की सबसे प्रतिष्ठित मैराथनों में से एक में उनसे मिलने के लिए बेसब्र हूँ। फ्रेज़र-प्राइस और लाइल्स जैसी दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी और हजारों धावकों की तैयारी के साथ, 2025 का बजाज पुणे मैराथन संस्करण भारत के सबसे प्रेरणादायक और सम्मानित खेल आयोजनों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है।

# फिटनेस फैक्ट्री मेरे जुनून का विस्तार है, जिसे मैंने व्यक्तिगत संतुष्टि और समान सोच वाले लोगों के लिए बनाया है: हरीकेश गांधी

चारू भाटिया

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** जयपुर के सीतापुरा इलाके में फिटनेस फैक्ट्री केवल एक जिम नहीं, बल्कि यह एक ऐसी कहानी है जिसमें आत्म-परिवर्तन, निरंतरता और समुदाय की भावना जुड़ी हुई है। फिटनेस प्रेमी हरीकेश गांधी द्वारा स्थापित यह जिम उनके व्यक्तिगत संघर्ष और प्रेरणा की मिसाल है। यह जिम गुणवत्ता, ईमानदारी और जुनून पर आधारित है, न कि केवल मुनाफे पर। इस बातचीत में हरीकेश गांधी ने अपने जीवन की यात्रा, फिटनेस उद्योग की चुनौतियों और अपने जुनून के बारे में खुलकर बात की।

**प्रश्न: आप जयपुर के सीतापुरा में फिटनेस फैक्ट्री जिम के मालिक हैं। कृपया अपनी यात्रा के बारे में बताएं?**

**उत्तर:** बचपन में मैं बहुत शर्मीला और आत्मविश्वासहीन था। मैं कम बोलता था और मोटापे से जूझता था। सब कुछ तब बदलना शुरू हुआ जब मैंने जिम जॉइन किया। वहां मुझे अपने भीतर एक नया आत्मविश्वास और अनुशासन मिला। धीरे-धीरे जिम ट्रेनिंग मेरी दिनचर्या का हिस्सा बन गई। लॉकडाउन के समय जब सभी जिम बंद हो गए, तो मैंने घर पर ही एक छोटा सेटअप बना लिया ताकि निरंतरता बनी रहे। यही छोटा कदम बाद में फिटनेस फैक्ट्री के रूप में विकसित हुआ। आज यह जिम मेरे व्यक्तिगत परिवर्तन से लेकर एक प्रेरित समुदाय की पहचान बन गया है।

**प्रश्न: आपकी सोच अन्य जिम मालिकों से कैसे अलग है?**

**उत्तर:** फर्क सोच में है। जब मैंने जिम खोलने का सोचा, मेरा मकसद सिर्फ एक व्यावसायिक केंद्र बनाना नहीं था। मैंने देखा कि अन्य जिम में क्या कमी है और सदस्य वास्तव में क्या चाहते हैं। मेरा उद्देश्य एक ऐसा स्थान बनाना था जहां केवल फिटनेस को जीवनशैली की तरह अपनाने वाले लोग आएं। हम सिर्फ मेंबरशिप बेचने के व्यवसाय में नहीं हैं, बल्कि एक ऐसी जगह बनाने पर ध्यान देते हैं जहां लोग बिना किसी बाधा के अपने फिटनेस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हमारा लक्ष्य भीड़ नहीं, बल्कि एक समुदाय बनाना है।

**प्रश्न: आज के फिटनेस उद्योग में आपको क्या चुनौतियां दिखती हैं?**

**उत्तर:** आज का फिटनेस उद्योग काफी अव्यवस्थित है। अनुशासन और निरंतरता पीछे छूट गई है। कई जिम मालिक और ट्रेनर अपने प्रचार में अधिक ध्यान देते हैं, न कि सदस्यों के सही प्रशिक्षण पर। पर्सनल ट्रेनर के चलन ने फिटनेस को महंगा बना दिया है। सदस्य जिम की फीस देते हैं, लेकिन उन्हें सही ध्यान नहीं मिलता जब तक वे अतिरिक्त पर्सनल ट्रेनर न रखें। इससे फिटनेस एक व्यावसायिक सौदा बन जाता है, न कि जीवनशैली में परिवर्तन का माध्यम। असली फिटनेस, जो मेहनत, नियमितता और समर्पण पर आधारित है, वह व्यक्तिगत ब्रांडिंग की दौड़ में कहीं खो गई है।

**प्रश्न: इतने सारे जिम के बीच आप किसे अपना प्रतिस्पर्धी मानते हैं?**

**उत्तर:** सच कहूं तो मैं प्रतिस्पर्धा में विश्वास नहीं करता। मेरा मुकाबला केवल अपने आप से है। मैं हर दिन कुछ नया सीखता हूं। जैसा कि कहा गया है, समंदर में हमेशा एक बड़ी मछली होती है, यानी आपसे बेहतर कोई हमेशा होता है। विनम्र बने रहना जरूरी है क्योंकि अहंकार विकास को रोक देता है। मेरा ध्यान हमेशा इस पर रहता है कि मैं खुद को और अपने जिम को कैसे बेहतर बना सकता



हूं। यही सोच मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

**प्रश्न: फिटनेस फैक्ट्री के भविष्य के लिए आपकी क्या योजनाएं हैं?**

**उत्तर:** हम इसे एक फिटनेस स्टूडियो के रूप में विकसित करना चाहते हैं जहां स्वास्थ्य और फिटनेस के कई पहलू शामिल हों। फिलहाल हमारा ध्यान बॉडीबिल्डिंग पर है, लेकिन हम कार्डियो, योग और जुम्बा जैसी गतिविधियों को भी जोड़ना चाहते हैं ताकि सदस्यों को सम्पूर्ण अनुभव मिले। हमारा मूल आधार हमेशा बॉडीबिल्डिंग ही रहेगा क्योंकि वहीं से हमारी शुरुआत और विशेषज्ञता है।

FITNESS FACTORY

TURN FAT INTO FIT!

**प्रश्न: आपने कहा कि आपका ध्यान सेवा पर है, न कि मुनाफे पर। आप दोनों में संतुलन कैसे रखते हैं?**

**उत्तर:** पैसा जरूरी है, केवल जुनून से कोई व्यवसाय नहीं चलता। इसलिए मैं सुनिश्चित करता हूं कि फिटनेस फैक्ट्री आर्थिक रूप से स्थिर रहे और अपने मूल्यों से समझौता न करे। हम सीमित सदस्यता रखते हैं और अन्य जिम की तुलना में थोड़ी अधिक फीस लेते हैं ताकि केवल गंभीर और प्रेरित लोग जुड़ें। यह मेरा मुख्य व्यवसाय नहीं है; मैं पारिवारिक व्यापार में भी सक्रिय हूं। फिटनेस फैक्ट्री मेरे जुनून का विस्तार है, जिसे मैंने व्यक्तिगत संतुष्टि और समान सोच वाले लोगों के लिए बनाया है।

**प्रश्न: जिम में उपकरणों की गुणवत्ता को लेकर आपकी क्या सोच है?**

**उत्तर:** उपकरणों की गुणवत्ता सीधे प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। मैं स्वयं मशीनों की जांच करता हूं और अन्य जिम में जाकर अनुभव लेता हूं। हमारे उपकरण भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों कंपनियों से लिए जाते हैं। हमारा ध्यान हमेशा गुणवत्ता, सुरक्षा और आराम पर रहता है। अधिक मशीनें होना जरूरी नहीं, सही मशीनें होना महत्वपूर्ण है।

**प्रश्न: जीवन और व्यापार में कौन-से मूल्य सबसे महत्वपूर्ण हैं?**

**उत्तर:** ईमानदारी और नैतिकता जीवन और व्यापार दोनों की नींव हैं। सफलता का रास्ता कभी सीधा नहीं होता, उसमें उतार-



चढ़ाव आते रहते हैं। मुश्किल समय में अपने सिद्धांतों पर टिके रहना सबसे जरूरी है। मैं ग्राहकों के प्रति पारदर्शिता में विश्वास रखता हूं। फिटनेस जगत में सामान्य प्रशिक्षण और पर्सनल प्रशिक्षण में स्पष्ट अंतर होना चाहिए। हर सदस्य को बुनियादी मार्गदर्शन मिलना चाहिए, और पर्सनल ट्रेनर रखना ग्राहक की अपनी इच्छा पर निर्भर होना चाहिए। ग्राहकों पर दबाव डालना अनैतिक है। जिम प्रबंधन का उद्देश्य संतुष्टि होना चाहिए, न कि मुनाफाखोरी।

**प्रश्न: आप सरकार के फिटनेस उद्योग के प्रति नजरिए को कैसे देखते हैं?**

**उत्तर:** दुर्भाग्य से फिटनेस उद्योग को अभी भी वह मान्यता नहीं मिली है जो मिलनी चाहिए। किसी नकारात्मक घटना पर सबसे पहले जिम बंद करने का फैसला किया जाता है। यह दिखाता है कि फिटनेस की अहमियत को सही तरह से नहीं समझा गया है। सरकार को फिटनेस को स्वास्थ्य के लिए एक निवारक उपाय के रूप में प्रोत्साहित करना चाहिए। जिम को प्रोत्साहन, वेलनेस कार्यक्रमों को समर्थन और स्कूलों व कार्यस्थलों में शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देना समाज के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

**प्रश्न: अंत में, उन पाठकों के लिए आपका क्या संदेश है जो इस क्षेत्र में आना चाहते हैं?**

**उत्तर:** मेरा संदेश है कि इस क्षेत्र में तभी आएं जब आपको वास्तव में फिटनेस के प्रति जुनून हो। यह क्षेत्र शोहरत या धन कमाने का शॉर्टकट नहीं है। इसमें रोज मेहनत, धैर्य और लोगों की मदद करने की सच्ची इच्छा चाहिए। आपको वही जीवनशैली अपनानी होगी जो आप दूसरों को सिखाते हैं। निरंतरता ही सब कुछ है। अगर आपकी नीयत साफ है और आप समर्पित हैं, तो सफलता अपने आप मिलेगी।

## विंजो ने बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ किया एक्सक्लूसिव करार

**भारत के पहले ट्रांसमीडिया प्लेटफ़ॉर्म के लिए तैयार होंगे माइक्रोड्रामा; लाइब्रेरी 500 से अधिक शीर्षकों के पार पहुँची**




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** 250 मिलियन उपयोगकर्ताओं वाला भारत का सबसे बड़ा इंटरैक्टिव एंटरटेनमेंट प्लेटफ़ॉर्म विंजो ने बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी भारत के पहले ट्रांसमीडिया यूनिवर्स का निर्माण करेगी– एक ऐसा क्रिएटिव ईकोसिस्टम, जहाँ कहानियाँ, गेम और किरदार विभिन्न फॉर्मेट्स के बीच सहजता से आगे-पीछे जा सकेंगे। सिर्फ तीन महीनों के भीतर, विंजो के माइक्रोड्रामा प्लेटफ़ॉर्म ZO TV ने भारत में अधिग्रहित या कमीशन किए गए 500 से अधिक शीर्षकों का आँकड़ा पार कर लिया है। शॉर्ट-फॉर्मेट एंटरटेनमेंट क्षेत्र में यह अब तक की सबसे तेज़ कंटेंट विस्तार गति है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने 26 अरब अमेरिकी डॉलर वाले वैश्विक शॉर्ट-ड्रामा उद्योग में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है–जो दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती क्रिएटिव कैटेगरीज में से एक है। विंजो अपने सफल प्रकाशन और वितरण नेटवर्क–100 से अधिक गेम्स, 75,000 क्रिएटर्स के समुदाय और भारत तथा अमेरिका जैसे स्थापित बाज़ारों के साथ ब्राज़ील जैसे उभरते हुए बाज़ारों में 250 मिलियन उपयोगकर्ताओं–का उपयोग करते हुए, कम समय में प्लेटफ़ॉर्म पर 10 करोड़ से अधिक एपिसोड व्यूज़ दर्ज कर चुका है।

## फोनपे ने बड़े स्तर पर भारतीय यूजर्स तक चैटजीपीटी पहुँचाने के लिए ओपन एआई के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** फोनपे ने, ग्लोबल एआई कंपनी ओपन एआई के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य, भारत में यूजर्स द्वारा चैटजीपीटी को बड़े पैमाने पर अपनाने में तेजी लाना और पारस्परिक व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी से फोनपे यूजर्स, फोनपे के प्लेटफॉर्म पर चैटजीपीटी के फीचर्स को एक्सप्लोर कर सकेंगें, जिससे अधिक भारतीयों को एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता के बारे में जानने में मदद मिलेगी।

यह साझेदारी, ट्रैवल प्लानिंग से लेकर शॉपिंग तक-यूजर्स के रोज़मर्रा के काम में बेहतर और संबंधित जानकारी देकर, फोनपे पर उनके अनुभव को कई गुना बेहतर बना सकती है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, फोनपे के फाउंडर,

PhonePe

फुल-टाइम डायरेक्टर और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, राहुल चारी जी, ने कहा, फोनपे में, हमने जनसांख्यिकी स्तर पर डिजिटल सेवाओं के लिए बुनियादी ढाँचा तैयार करने में वर्षों लगाए हैं।

यह रणनीतिक साझेदारी दर्शाती है कि जब इस क्षेत्र की इनोवेटिव कंपनियाँ साथ आती हैं, तो अत्याधुनिक तकनीक को एक विशाल आबादी तक पहुँचाना आसान हो जाता है। ओपन एआई के साथ यह पार्टनरशिप, हमारी इस यात्रा की रोमांचक शुरुआत है, जिसके लिए हम पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हैं। इस साझेदारी से, फोनपे के कंज्यूमर और बिजनेस ऐप, दोनों पर चैटजीपीटी उपलब्ध होगा, साथ ही इसमें इंडस ऐपस्टोर को मिलाकर पूरे फोनपे इकोसिस्टम की कार्यात्मक क्षमता का भी उपयोग किया जाएगा। जैसे-जैसे देश में जनरेटिव एआई का उपयोग बढ़ेगा, यह साझेदारी यूजर्स के लिए संभावित उपयोग के नए रास्ते खोलने में मदद करेगी।

ओपन एआई के हेड ऑफ इंटरनेशनल ओलिवर जे ने कहा कि, फोनपे के साथ हमारी साझेदारी, पूरे भारत में लोगों के लिए, एआई को आसानी से उपलब्ध कराने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत इनोवेशन का एक वैश्विक केंद्र है, और देश की संस्कृति और उसके यूजर बेस की गहरी समझ, फोनपे को एक आदर्श पार्टनर बनाती है। यह साझेदारी, पूरे भारत को दिखाएगी कि कंज्यूमर एआई कितना महत्वपूर्ण है, जिससे लाखों लोगों के दैनिक जीवन दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।'

## 'फॉर्च्यून वर्ल्ड्स बेस्ट वर्कप्लेस 2025' के 25 में से 16 वर्कप्लेस भारत में स्थित

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई(आईएएनएस)।** 'फॉर्च्यून वर्ल्ड्स बेस्ट वर्कप्लेस 2025' के 25 में से 16 वर्कप्लेस भारत में ऑपरेट किए जा रहे हैं। यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ देश के बढ़ते ग्लोबल फुटप्रिंट को दिखाता है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। वर्कप्लेस कल्चर पर ग्लोबल ऑथोरिटी, ग्रेट प्लेस टू वर्क और फॉर्च्यून मीडिया ने 9 मिलियन से अधिक कर्मचारियों का सर्वे करते हुए इस वर्ष की लिस्ट के लिए 25 विनर्स को चुना है। भारत में ग्रेट प्लेस टू वर्क के सीईओ बलबीर सिंह ने कहा, 'मान्यता प्राप्त 25 संगठनों में से 16 की मजबूत उपस्थिति भारत में बनी हुई है, जो ग्लोबल वर्कप्लेस कल्चर को आकार देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है।






## टीनएजर्स अब उबर ऐप पर खुद कर सकेंगे साईन-अप

**बिजनेस रेमेडीज/गुरूग्राम** उबर ने घोषणा की है कि भारत में टीनएजर्स (किशोर) अब अपने अकाउन्ट्स को सीधे लिंक कर ऐप पर साईन-अप कर सकते हैं, इस तरह देश में इसके उबर टीन्स प्रोडक्ट के इस्तेमाल की प्रक्रिया अधिक तेज और अधिक प्रत्यास्थ हो गई है। उबर के टीन्स एवं फैमिली फीचर्स के विस्तार के तहत यह अपडेट किया गया है, जिसका उद्देश्य परिवार में हर पीढ़ी के लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित, सरल एवं समावेशी बनाना है।

इस नई सेल्फ-ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के साथ, टीनएजर्स अपने खुद के उबर अकाउन्ट्स को मैनेज कर सकेंगे, साथ ही उनके अभिभावक भी अपने बच्चों के अकाउन्ट पर पूरा कंट्रोल एवं वि?बिलिटी बनाए रख सकेंगे। उबर ने उबर वन मेंबरशिप के फायदों को भी टीनएजर्स के लिए विस्तारित किया है, इसके तहत अगर एक अभिभावक के पास उबर वन मेंबरशिप है तो उनके टीनएजर बच्चे भी इसके फायदों का लाभ उठा सकते हैं, और कैशबैक परिवार के सदस्यों के हब में इकट्ठा

UBER

होता रहता है। इस तरह परिवार में जितने ज्यादा सदस्य उबर का इस्तेमाल करेंगे, उतना ही उबर वन मेंबरशिप के साथ बचत के फायदे बढ़ते चले जाएंगे। आज के टीनएजर्स स्वतन्त्र और टेक-सेवी हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए उबर फॉर टीन्स में ये अपडेट किए गए हैं। इस उम्र के यूजर नए ऐप्स, डिजिटल सर्विसेज एवं फीचर्स को जल्द समझते हैं, उनके परिवार के द्वारा टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बहुत कुछ उन्हीं पर निर्भर करता है। ऐसे में अगर टीनएजर्स को अपने अभिभावक की अनुमति से प्लेटफॉर्म पर साईन-अप करने का मौका मिलता है, तो वे अपने अभिभावकों की निगरानी में सुरक्षित यात्रा का अनुभव पा सकेंगे, साथ ही ऐप के बारे में परिचितता भी बढ़ेगी। यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि कैसे आज के टीनएजर्स टेक्नोलॉजी को अपनाते हैं और कम उम्र से ही यात्रा की जिम्मेदाराना आदतों को अपना सकते हैं। परिवारों की बात करें तो उबर ने उनके लिए शेयर्ड पेमेंट की जरूरत को खत्म कर कनेक्टेड बने रहना आसान बना दिया है। यूजर कॉमन क्रेडिट कार्ड के बिना एक फेमिली प्रोफाइल बना सकते हैं, जिससे कई मेंबर्स को ऐड करना आसान हो जाता है- इनमें से हर यूजर पेमेंट के लिए अपने पसंदीदा तरीके- कैश या डिजिटल का इस्तेमाल कर सकता है।

इस अपडेट पर बात करते हुए शिवा शैलेन्द्रन, डायरेक्टर, कन्ज्यूमर ग्रोथ, उबर इंडिया एंड साउथ एशिया ने कहा, ''हम इस बात को समझते हैं कि हर परिवार अलग होता है और परिवार के हर सदस्य की जरूरतें भी अलग होती हैं। आज के दौर में टीनएजर्स पहले से कहीं अधिक स्वतन्त्र हैं, ऐसे में हम उन्हें अभिभावकों की अनुमति एवं निगरानी के साथ सुरक्षित तरीके से उनके अपने उबर अकाउन्ट को मैनेज करने की प्रत्यास्थता देना चाहते थे। साथ ही हम प्लेटफॉर्म पर परिवारों के लिए कनेक्टेड बने रहना भी आसान बना रहे हैं। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि टीनएजर्स से लेकर सीनियर्स तक, परिवार के सभी सदस्य आत्मविश्वास के साथ आरामदायक यात्रा का आनंद उठा सकें।''

उबर भारत में निर्धारित सीनियर्स प्रोफाइल भी लेकर आई है, इसे खासतौर पर बड़ी उम्र के उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो अधिक सुलभ एवं सहज अनुभव पाना चाहते हैं। यहां गार्जियन्स अपने प्रियजनों के लिए ट्रिप रिक्वेस्ट कर सकते हैं, राईड ट्रैक कर सकते हैं और सेव्ड प्लेसेज मैनेज कर सकते हैं। वहीं सीनियर सदस्य सिंपल मोड में ऑटोमेटिक स्विच का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें बड़ा टेक्स्ट, कम बटन और इजी-टू-फॉलो स्क्रीन शामिल हैं। उबर लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स में निवेश कर रही है जो भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें। इन अपडेट्स के साथ प्लेटफॉर्म विभिन्न पीढ़ियों के यूजर्स को अपनी सेवाएं प्रदान करने तथा लाखों भारतीयों के लिए रोजमर्रा की यात्रा को सरल बनाकर उन्हें कनेक्टेड बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत है।

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166· पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com